तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025







**खबर संक्षेप**

### स्वदेशी मेला आज से साव करेंगे उद्घाटन

**बिलासपुर।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में 14 से 20 नवंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस मेले में बच्चों, युवाओं व बड़ों के लिए प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पारंपरिक कला व व्यंजन के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे।मेला का उद्घाटन 14 नवंबर को शाम 7 मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला करेंगे। इस अवसर पर अतिथि के रूप में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी और सभापति विनोद सोनी, उपस्थित रहेंगे।

### इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा शेड्यूल मेंटनेंस किया जा रहा है। शुक्रवार को 11 केवी गोंड़पारा और आदर्श चौक फीडर में निर्माण और मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस दौरान सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई ठप रहेगी। बिजली बंद होने के कारण बृहस्पति बाजार और अल्का एवेन्यू सबस्टेशन से निकलने वाली सप्लाई प्रभावित रहेगी और चांटापारा, गोड़पारा, सिम्स अस्पताल, वाल्मिकी चौक, शनिचरी बाजार, अशोक राव गली, प्रताप चौक, तिलक नगर, मंगला बस्ती, सैल विहार, ब्रिज विहार, जेपी विहार, यमुना विहार जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

### वर्ल्ड डायबिटीज डे पर जागरूकता कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** वर्ल्ड डायबिटीज डे पर सिम्स में कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 14 नवंबर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस कार्यशाला में डायबिटीक मरीज के लिए समय से पहले लीवर में होने वाले बदलाव के लिए फाइबो स्कैन इंव्लूएशन, डायबिटीज के कारण, निदान और रोकथाम के संबंध में चर्चा की जाएगी। साथ ही नर्सिंग को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर डीन डॉ रमणेश मूर्ति, अधीक्षक डॉ लखन सिंह उपस्थित रहेगी। कार्यक्रम का आयोजन मेडिसीन विभाग के एचओडी डॉ अमित कुमार ठाकुर, कोऑर्डिनेटर डॉ आशुतोष कोरी व डॉ पुष्पलता शर्मा द्वारा किया जाएगा।

### कांग्रेस करेगी आज रेलवे जीएम दफ्तर का घेराव

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण व शहर द्वारा 14 नवंबर को सुबह 11 बजे रेलवे जीएम का घेराव किया जाएगा। रेलवे जीएम के घेराव के पहले सुबह 11 बजे कांग्रेसजन तोरवा थाना पास रामलीला मैदान में इक्टठा होंगे, जहां वक्ताओं द्वारा अपना विचार रखा जाएगा, उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता रेलवे जीएम कार्यालय की ओर पैदल मार्च करते हुए जाएंगे। इस घेराव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी शामिल होंगे।



**नदी की खुदाई कर तलाशी जा रही चट्टान**

## शनिचरी रपटा में नया पुल बनाने का काम शुरू

**बिलासपुर।** अरपा नदी पर शनिचरी रपटा के पास नया पुल बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत फिलहाल बोरिंग का काम किया जा रहा है, जिसमें पिलर खड़ा करने चट्टान तलाशे जा रहे हैं। पुल के बनने के बाद चांटीडीह व चिंगराजपारा क्षेत्र में रहने वालों की राह आसान हो जाएगी। शहरवासियों को अरपा पार जाने के लिए जल्द ही एक नया पुल मिल सकेगा। लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग द्वारा इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अरपा नदी पर नया पुल बनाने रपटा के दोनों ओर बोरिंग का काम प्रारंभ कर दिया गया है। बोरिंग कार्य के अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा नदी पर चट्टान की गहराई का पता लगया जाता है। इन्हीं चट्टानों पर पुल के पिलर खड़े किए जा सकेंगे। चांटीडीह एवं चिंगराजपारा क्षेत्र में रहने वालों के द्वारा पिछले कई वर्षों से एक नए पुल की मांग की जा रही थी। बारिश के दिनों में अरपा के लबालब हो जाने के बाद रपटा पर आवागमन बाधित हो जाता है। इसके अलावा भारी व बड़े वाहनों की आवाजाही भी रपटा पुल पर प्रतिबंधित है, जिससे वाहनों को घूम कर जाना होता है। नए पुल के निर्माण के बाद क्षेत्र के लोगों को इस समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

### निगम ने प्रशासन को जमीन अपने नाम नामांतरण करने पत्र लिखा

# नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, बिल्डर की 19 एकड़ जमीन राजसात, हाईकोर्ट ने दिया स्टे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने प्रदेश की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 एकड़ प्राइवेट कॉलोनी को राजसात कर लिया है। 19 एकड़ निजी भूमि पर बनी कॉलोनी को राजसात करने के बाद बाकी बचे प्लाटों की बिक्री अब निगम करेगा।

- हाईकोर्ट ने अधिग्रहण की कार्रवाई पर रोक लगाई

2011 में संशोधित छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 292 ग में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए किसी प्राइवेट कॉलोनी को पूरी तरह से राजसात करने का यह पहला मामला है। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने बिलासपुर एसडीएम को निगम के नाम उक्त कॉलोनी का नामांतरण करने पत्र लिखा है। इस मामले में बिल्डर शैलेन्द्र जायसवाल की और से उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। हाई कोर्ट ने अधिग्रहण की कार्रवाई पर रोक लगा दी है।



तिफरा स्थित वह कॉलोनी जिसका अधिग्रहण किया जाना है।

**खसरा नम्बर की ये भूमि राजसात**

प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण एवं सुनवाई पश्चात गुण-दोष के आधार पर प्रकरण से संबंधित ग्राम तिफरा स्थित भूमि खसरा नं 1367/9, 1369/2, 1370/2. 1357, 1369/3, 1355/7, 1371, 1372/2, 1356/1, 1356/2, 1366/1, 1355/4. 1355/6, 1388, 1369/5, 1370/5, 1367/10, 1368/2, 1355/8, 1367/11, 1368/3, 1367/13, 1368/5, 1075/1ख, 1075/17, 1355/10, 1355/5, 1367/12, 1368/4. 1369/4, 1370/4, 1372/1 कुल रकबा 19.35 एकड़ की भूमि को छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-च (अवैध कॉलोनी निर्माण की भूमि का प्रबंधन आयुक्त द्वारा अधिग्रहित किया जाना) एवं 292 छ, (अवैध कॉलोनी निर्माण की भूमि का समपहरण) के अन्तर्गत अधिकार हक और हित के अधीन प्रबंधन अधिग्रहण किए जाने का आदेश आयुक्त नगर पालिका निगम बिलासपुर ने किया है।

### समिति की रिपोर्ट में गड़बड़ी आई सामने

जांच के लिए बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नगर निगम आयुक्त अमित कुमार की अध्यक्षता में समिति गठित की। समिति ने पूरी जांच के बाद कॉलोनी विकास के नियमों का उल्लंघन करने पर छग नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किए जाने एवं छग नपानि अधिनियम 292– च एवं 296 छ, ( अवैध कॉलोनी निर्माण वाली भूमि का समपहरण) के अंतर्गत कार्यवाही प्रस्तावित किए जाने की अनुशंसा की।

### दावा आपत्ति और हुई सुनवाई

समिति की गई अनुशंसा के अनुसार आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर ने आम सूचना के माध्यम से दावा-आपत्ति आमंत्रित की. जिसमे प्रथम आम सूचना चार सितंबर 2025 में प्राप्त 30 दावा आपत्तियों, द्वितीय आम सूचना 19 सितंबर 2025 में प्राप्त 21 दावा आपत्तियों एवं तृतीय आम सूचना 14 अक्टूबर 2025 में प्राप्त 12 दावा आपत्तियों का निराकरण करते हुए व्यक्तिगत सुनवाई की गई है।

### प्राइवेट कॉलोनी राजसात करने का पहला मामला

जब कॉलोनी विकसित होती है तो विकास के एवज में निगम कॉलोनी के अंदर एक निश्चित एरिया की भूमि बंधक के रूप में छोड़ा जाता है। कॉलोनी का विकास जब पूरा हो जाता है तब इसे फ्री होल्ड किया जाता है। यदि कॉलोनी का विकास नहीं किया जाता तब यह बंधक भूमि निगम की ही हो जाती है और उसे रिलीज नहीं किया जाता। अब तक देखने में यह आता था कि सिर्फ बंधक भूमि को ही राजसात किया जाता था। पर पहली बार प्रदेश में ऐसा हो रहा है की पूरी की पूरी प्राइवेट कॉलोनी ही राजसात कर ली गई है। यह पूरी तरह से निजी भूमि थी। जिसे नियमों के उल्लंघन पर राजसात किया गया है।

### यह है पूरा मामला

बिलासपुर शहर के बिलासपुर–रायपुर रोड में तिफरा सेक्टर डी मंडपम शादी घर के बाजू में जायसवाल बिल्डर की जायसवाल कॉलोनी है। यह कॉलोनी वर्ष 2003 में बनाई गई थी। इसे डेवलप करने के लिए पहले एसडीएम से अनुमति ली गई थी। जायसवाल भाइयों की संयुक्त भूमि पर यह कॉलोनी बनाई गई थी। एक भाई ने बिक्री के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया और एसडीएम की अनुमति के खिलाफ एडिशनल कलेक्टर के कोर्ट में अपील कर दी। एडिशनल कलेक्टर ने अपील की सुनवाई के बाद एसडीएम द्वारा कॉलोनी को बिक्री के लिए दी गई अनुमति को निरस्त कर दिया। इसके बाद संभागायुक्त कोर्ट में अपील की गई पर वहां से भी अनुमति खारिज हो गई। संभागायुक्त के कोर्ट से अपील खारिज होने के बाद पंचायत सचिव के पास अपील की। चूंकि उस वक्त वह एरिया ग्राम पंचायत के अधीन था इसलिए पंचायत सचिव के यहां अपील की गई थी। पर यहां भी कॉलोनी के डेवलपर केस हार गए। वर्ष 2019 में यह क्षेत्र नगर निगम में शामिल हो गया। यहां औद्योगिक क्षेत्र बनने से औद्योगिक विकास निगम ने कॉलोनी के बीच से सड़क बनाने का नक्शा बनाया और कॉलोनी के डेवलपर्स को मुआवजा देने की बात कही। मुआवजे को लेकर विवाद की स्थिति बनने पर यह मामला जिला प्रशासन और निगम के भी संज्ञान में आ गया।

### बिक चुके हैं 50 प्लाट, बचे 80 प्लाटों की निगम करेगा बिक्री

उक्त कॉलोनी में 50 प्लाट बिक्री हो चुकी है। बाकी बचे लगभग 80 प्लाटों की बिक्री अब नगर निगम करेगा। यह कॉलोनी रायपुर–बिलासपुर मुख्य मार्ग पर मेन रोड में स्थित है। नेशनल हाईवे में मुख्य मार्ग से लगी कॉलोनी होने के चलते यहां जमीन काफी कीमती है। इसकी बिक्री से शासन को करोड़ों का राजस्व प्राप्त होगा। हालांकि पहले बिक चुके 50 प्लाटों का स्वामित्व वर्तमान में जिन्होंने रजिस्ट्री करा ली है उनके ही पास रहेगा। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने बिलासपुर एसडीएम को निगम के नाम उक्त कॉलोनी का नामांतरण करने पत्र लिखा है।

## नशे के सौदागरों की डेढ़ करोड़ की संपत्ति सीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंबई साफेमा कोर्ट के आदेश के बाद काली कमाई से बनाई गई नशे के सौदागरों की डेढ़ करोड़ की संपति को पुलिस ने सीज कर लिया है।

पूर्व में सकरी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत सकरी पुलिस ने चोरभठ्ठीखुर्द निवासी कांति पांडे व उसके सहयोगी ओडिशा निवासी दीपक गंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। आरोपी दीपक गंडा से 2.50 लाख रुपए जब्त किया गया था। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में आरोपी कांति पांडे की संपत्ति जांच की गई। पता चला कि उसने नशे काली कमाई से 15 लाख का मकान व 21 लाख का जमीन खरीदा है। इसी तरह सिरगिट्टी ने आरोपी अजय चक्रवर्ती को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच में उसके द्वारा नशे के काली कमाई से पत्नी व एक अन्य महिला के नाम पर सिरगिट्टी आवासपारा एवं टिकरापारा में जमीन खरीदकर मकान बनाया है। पुलिस ने आरोपियों की संपत्ति की जानकारी बनाकर मुंबई साफेमा कोर्ट में प्रकरण बनाकर पेश किया गया था। साफेमा कोर्ट ने आरोपियों की डेढ़ करोड़ रुपए की संपत्ति को अवैध घोषित कर फ्रीज करने का आदेश पारित किया गया है। पुलिस ने नशे के सौदागरों की संपत्ती को सीज कर लिया है।

### विवेचक हुए पुरस्कृत

एसएसपी श्री सिंह ने दोनों मामले में उत्कृष्ट विवेचना करने पर सकरी थाना के एएसआई सुरेन्द्र तिवारी व सिरगिट्टी थाना के विवेचक प्रधान आरक्षक प्रभाकर सिंह को 500 - 500 रुपए नकद ईनाम देकर पुरस्कृत किया है।

### 20 आरोपियों की 7.50 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

एसएसपी श्री सिंह के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थ के खिलाफ एण्ड टू एण्ड की कार्रवाई की जा रही है। पिछले एक साल में नशे के कारोबार करने वाले 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों की 7.50 करोड़ की संपत्ति फ्रीज की है।

## विभाग ने किया अलर्ट, तेज ठंड का करना पड़ सकता है सामना

**बिलासपुर।** प्रदेश में ठंड की आहट बड़े ही जोरशोर से हुई है। नंवबर में ही कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में ठंड का अलर्ट जारी कर दिया है। पेंड्रा, बिलासपुर, दुर्ग जैसे शहरों में शीतलहर चलने की बात कही है। वहीं लगातार पारा गिरने से बिना गर्म कपड़े के बाहर निकलना लोगों के लिए भारी पड़ सकता है।

- पेंड्रारोड में 10 डिग्री के आसपास पहुंचा तापमान

प्रदेश के कई जिले ठंड की चपेट आने लगे है। जिले में भी आने वाले 3 दिन बेहद खास है, इस दौरान कड़ाकें की ठंड पड़ने की आशंका बनी हुई है, सुबह और शाम के समय बिना गर्म कपड़े के गुजारा करना मुश्किल हो चुका है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के मध्य व उत्तरी इलाकों में शीत लहर चलने की संभावना जताई है, ऐसे में न्यूनतम तापमान गिरना तय है।

जिले के सबसे नजदीक पेंड्रा जिला है, जहां तापमान 10 डिग्री के आसपास पहुंच चुका है। वहीं बिलासपुर का तापमान 13.0 डिग्री दर्ज किया गया है, यह सामान्य तापमान से 3.6 डिग्री कम है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर में तापमान 7.4 डिग्री पहुंच चुका है।

### राजस्व, कृषि, खाद्य व सहकारिता विभाग के कर्मचारी हुए शामिल

# समितियों में धान खरीदी के लिए 140 नए 'प्रभारी' नियुक्त

**बिलासपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच सहकारी समिति में पदस्थ कर्मचारियों की हड़ताल के चलते कोई बाधा न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था लागू कर दी है।

इसके अंतर्गत फूड इंस्पेक्टर, कोआपरेटिव इंस्पेक्टर, बैंक सुपरवाईजर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों में समिति प्रबंधक एवं खरीदी प्रभारी बनाया गया है। इसके लिए प्रशासन द्वारा कलेक्टोरेट स्थित मंथन सभा कक्ष में गुरूवार को सभी 140 नए प्रभारियों को खरीदी की ट्रेनिंग भी दे दी गई है। धान खरीदी के लिए अब केवल दो दिन ही शेष रह गए हैं, जिससे इसकी तैयारियों को लेकर प्रशासन मुस्तैद है। नए खरीदी प्रभारियों को प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत उपार्जन केंद्र की तैयारी, बारदाना प्राप्ति, टोकन वितरण, धान का वजन और गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया गया। इसी तरह उपार्जन केंद्र की तैयारी, वजन, केंद्र की सफाई, किसानों को टोकन जारी करना जैसे अन्य महत्वपूर्ण बिंदु भी शामिल किए गए थे। एक से अधिक उपार्जन केंद्र वाली समितियों के वित्तीय आहरण संवितरण का अधिकार समिति के मुख्यालय में पदस्थ धान खरीदी प्रभारी को रहेगा। अधिकारियों को भुगतान प्रक्रिया को भी विशेष रूप से समझाया गया।

**टोकन 15 से जारी, धान खरीदी 17 नवंबर से प्रारंभ होगी:** शासन द्वारा धान खरीदी प्रारंभ करने के लिए 15 नवंबर की तिथि निर्धारित की गई है, लेकिन 15 नवंबर को शनिवार एवं 16 नवंबर को रविवार अवकाश होने के कारण धान की विधिवत खरीदी 17 नवंबर से प्रारंभ हो सकेगी।

### सारे ऑपरेटरों को हटाने की तैयारी, आउटसोर्सिंग से लेंगे

जिले के हड़ताली सभी ऑपरेटरों को हटाने की तैयारी की जा रही है। पुराने ऑपरेटरों को हटाकर नए की व्यवस्था के लिए मार्कफेड को जिम्मा दिया गया है। इसके अंतर्गत आऊट सोर्सिंग कंपनी से 140 नए ऑपरेटरों की भर्ती की तैयारी चल रही है। मार्कफेड के अनुसार नई भर्ती की सारी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, वहीं शुक्रवार को सारे नए लोगों को प्रशिक्षण भी दे दिया जाएगा।

### खरीदी व्यवस्थित रूप से होगी

सारे उपार्जन केंद्रों में वैकल्पिक रूप से नए खरीदी प्रभारी नियुक्त कर लिए गए हैं। इन सभी को विधिवत प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी अपने निर्धारित समय में व्यवस्थित रूप से ही होगी।

-**संजय अग्रवाल,** कलेक्टर बिलासपुर

### दिया गया है प्रशिक्षण

नवनियुक्त खरीदी प्रभारियों को खरीदी के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक, बैंक सुपरवाईजर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शामिल हैं। खरीदी किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होगी।

-**चंद्रशेखर जायसवाल,** उपायुक्त सहकारिता

### हटा दिए गए हैं आपरेटर

सभी उपार्जन केंद्रों में पदस्थ आपरेटरों को हटाकर आउट सोर्सिंग के जरिए नए लोगों भर्ती की जा चुकी है। शुक्रवार को नवनियुक्त आपरेटरों को प्रशिक्षण भी दे दिया जाएगा।

-**अमित कुमार चंद्राकर,** डीएमओ


BMC विद्या ददाति विनयम्
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

# विश्व मधुमेह दिवस
## 14 नवम्बर

मधुमेह बचाव के लिए अपनाएं


पौष्टिक एवं संतुलित आहार | नियमित व्यायाम | हमेशा खुश व चिंता मुक्त रहे

**विश्व मधुमेह दिवस हर साल 14 नवंबर** को मनाया जाता है ताकि मधुमेह के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस दिवस की स्थापना अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ (IDF) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा की गई थी और यह दिन सर फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने इंसुलिन की खोज की थी। 2024 में, इस दिवस की थीम 'बाधाओं को तोड़ना, अंतरालों को पाटना' (Breaking the barriers, closing the gap) थी, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि मधुमेह से पीड़ित हर किसी को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले।

## जागरूकता से रहेंगे निरोग

**साल 2025 की थीम:** "Diabetes and Well-being" यह संदेश देती है कि हमें सिर्फ बीमारी पर नहीं बल्कि पूर्ण जीवन (शारीरिक, मानसिक, सामाजिक) को स्वस्थ रखने पर ध्यान देना है।

**जागरूकता और शिक्षा:** यह दिन मधुमेह के प्रभावों, इसके जोखिम कारकों और रोकथाम के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

**इतिहास और महत्व:** इस दिन की स्थापना 1991 में हुई थी। मधुमेह के लिए इंसुलिन की खोज करने वाले फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन पर इसे मनाया जाता है, जिससे लाखों लोगों की जान बचाई गई।

**स्वास्थ्य पर प्रभाव:** अनियंत्रित मधुमेह हृदय, गुर्दे, तंत्रिकाओं और अन्य अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। विश्व मधुमेह दिवस इन खतरों के बारे में भी जागरूकता फैलाता है।

**स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा:** यह दिवस स्वस्थ जीवनशैली, व्यायाम और उचित आहार के महत्व पर जोर देता है ताकि मधुमेह को नियंत्रित किया जा सके या उसकी रोकथाम की जा सके।

# विश्व में अंधत्व एवं आँखों के पर्दे की बीमारी का मुख्य कारण मधुमेह (डायबिटीज़)

बिलासपुर। वरिष्ठ नेत्ररोग चिकित्सक एवं लेजर फेको सर्जन व आशीर्वाद नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ. एल.सी. मढ़रिया ने बताया पूरे विश्व में मोतियाबिंद के बाद मधुमेह व पर्दे की बीमारी विश्व में अंधत्व का प्रमुख कारण है। पूरे विश्व में लगभग 171 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं जिसमें से 3 करोड़ लोग केवल भारत के हैं और सन 2030 तक हमारे देश में लगभग 8 करोड़ लोग मधुमेह (डायबिटीज़) के शिकार हो जाएंगे और हमारे देश को मधुमेह की राजधानी कहा जाएगा। अमेरिका जैसे देश में जहां 17 प्रतिशत लोग मधुमेह (डायबिटीज़) के कारण अपनी दृष्टि को खो चुके हैं और इसकी संख्या बढ़ते जा रही है। हमारे देश में जहां लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कम है और वहीं हमारे देश में स्वास्थ्य सुविधा भी ग्रामीण स्तर में कम होने के कारण हमारे देश में मधुमेह (डायबिटीज़) के कारण करोड़ों लोग अपनी दृष्टि खो रहे हैं। मधुमेह से होने वाले अंधत्व से मधुमेह को नियंत्रित करके व नियमित आंख के पर्दे की जांच कराकर बचा जा सकता है। मधुमेह (डायबिटीज़) के कारण पर्दे में सूजन आ जाता है जिसे (मेक्यूलर इडिमा) कहते हैं जिसमें आँख की नसें सूख जाती है और मरीज अपनी दृष्टि हमेशा के लिए खो देता है। आजकल मेक्यूलर एडिमा की जांच ओ.सी.टी. (नेत्र लेजर स्केनर) से करके अत्याधुनिक एवास्टिन या ल्यूसेनटिक इंजेक्शन लगाकर मरीज की रोशनी को बचाया जाता है, इसके लिये यह जरूरी है कि मरीज का ब्लड सुगर, कोलेस्ट्राल संतुलित रहे और नियमित आंख के रेटिना की जांच हर चार से छः माह में करने से पता चल जाता है। डॉ. एल.सी. मढरिया ने बताया इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (International Diabetes Federation) के अनुसार हर 10 सेकेण्ड में एक व्यक्ति की मृत्यु मधुमेह (डायबिटीज़) का मरीज होने के कारण हो रही है व उसी 10 सेकेण्ड में 1 व्यक्ति मधुमेह (डायबिटीज़) से ग्रसित हो रहा है आंकड़ों के अनुसार प्रतिवर्ष 30 लाख लोग मधुमेह का शिकार हो रहे है व 80 लाख लोगों को मधुमेह हो रहा है। वैसे ही ग्लोकोमा (काँचबिन्द) से ग्रसित 1.25 करोड़ लोग हमारे देश में है, उनमे से लाखों लोग आँखों की नसों सूखने के कारण अपने दृष्टि खो रहे है। इसी प्रकार आँखों के पर्दे की बीमारी जिसे मेक्युलर डीजनरेशन कहते हैं यह 45 वर्ष के बाद पर्दे में खून की कमी से रोशनी चली जाती है, हमारे देश में इसकी संख्या लाखों में है। इसकी भी रोकथाम व इलाज सही समय में बीमारी का पता चलने से ही संभव है और मरीज के आँखों की रोशनी को खत्म होने से बचाया जा सकता है। अतः 40 वर्ष के बाद आवश्यक रूप से आँखों के पर्दों की जाँच एवं मधुमेह (डायबिटीज़) वाले मरीज नियमित रूप से अपने आँखों की जांच कराकर अंधत्व से बच सकते हैं।

डा. एल. सी. मढरिया
आशीर्वाद लेजर एवं फेको नेत्र चिकित्सालय




14 नवंबर-विश्व मधुमेह दिवस
अशोक प्रसूति मंदिर मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. शंभु अग्रवाल D.N.B. सर्जरी
अशोक प्रसूति मंदिर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
1945 से आपका विश्वनीय मातृत्व केंद्र
अतीत की गरिमा, भविष्य की नई पहचान-80 वर्षों से सेहत की देखभाल।
क्योंकि स्वास्थ्य सिर्फ इलाज नहीं, भरोसे की विरासत भी है
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. गीता दीक्षित – वरिष्ठ चिकित्सक, एमबीबीएस, डीए
डॉ. विजय कृष्ण दीक्षित – वरिष्ठ चिकि. एमएस (जनरल सर्जन)
डॉ. ए. कुमार – एमबीबीएस, एमसीएच, न्यूरोसर्जरी
डॉ. एच. टंडन – क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट कैंसर रोग
डॉ. एस.एन. दुबे – वरिष्ठ चिकित्सक एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन
डॉ. ए. अग्रवाल – एमबीबीएस, डी. आर्थो अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. स्नेहा जायसवाल – एमबीबीएस, एमएस महिला एवं प्रसूति रोग, आईवीएफ विशेषज्ञ
हमारी उपलब्ध सेवाएं:
- जनरल सर्जरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- हड्डी रोग
- न्यूरोसर्जरी/ न्यूरोलॉजी
- कैंसर सर्जरी
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- यूरो सर्जरी/ युरोलॉजी
- कान नाक गला रोग
- एमडी मेडिसिन
- निःसंतानता परामर्श (IVF, IUI)
- ट्रामा आपातकालीन 24*7
- आईसीयू और वेंटिलेटर सुविधाएं
- पैथोलॉजी विभाग (24 *7)
- फार्मेसी (24 *7)
- एक्स-रे (24 *7)
PM-JAY आयुष्मान भारत द्वारा निःशुल्क इलाज
24×7 ट्रॉमा एवं आपातकालीन सेवाएं
24*7 एम्बुलेंस सेवा
सेहत की विरासत, नई पहचान के साथ
देवकीनंदन चौक, बिलासपुर
9589185884/7999180254
email: ashokprasutimandir 1945@gmail.com

विश्व मधुमेह दिवस
अनंत मेमोरियल हॉस्पिटल
HOMEOPATHIC CLINIC
बच्चों का संपूर्ण इलाज दवा द्वारा किया जाता है
Dr. Avneesh Tripathi
B.H.M.S., CCH (Alopathy)
TIME: 11 AM TO 1 PM, 6 PM TO 8 PM
उपलब्ध सुविधाएं
- बवासीर का इलाज
- गठियावात का इलाज
- मधुमेह का इलाज
- कोलाईटिस का इलाज
- ब्लड प्रेशर का इलाज
- अल्सर का इलाज
Nehru Nagar, Near Sai Mandir, Ameri Road Bilaspur
9039946002, 7999199579

WORLD DIABETES DAY
NABH ISO certified Hospital
सांई बाबा अस्पताल
हार्ट एण्ड किडनी सेंटर
डॉ. अविजित रॉयजादा – एम.डी. (मेडिसिन)
डॉ. भावना रॉयजादा – एमबीबीएस, एम.डी. इंटेंसिव केयर और दर्द विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएं
मधुमेह, मोटापा, हृदय जांच, ट्रामा, फ्रेक्चर, ऑपरेशन, स्त्री रोग, शिशु रोग, पेन क्लिनक, इको, सोनोग्राफी, आई.सी.यू., 30 बिस्तर, वेंटीलेटर, पैथोलॉजी, डायलिसिस, मूत्ररोग
ब्रेन सर्जरी तथा फार्मेसी की सुविधा उपलब्ध
70000 से ज्यादा उपचार का अनुभव
Vascular dopller Diabetes cgms का सबसे अत्याधुनिक उपचार
Foot Care
Dialysis ICU Heart Care
अतिशीघ्र निःशुल्क भर्ती सुविधा आयुष्मान कार्ड
विशेष सुविधा
किडनी, मधुमेह, हृदय रोग का ईलाज, लोप्रोस्कोपिक सर्जरी
पता : रिंग रोड नं.2, गौरव पथ मार्ग, भाटिया पेट्रोल के सामने, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.: 9827150429,9981797931

संभाग का प्रथम Hitech नेत्र अस्पताल
ASHIRWAD LASER, PHACO EYE HOSPITAL BILASPUR (C.G.)
आशीर्वाद लेजर,फेको नेत्र चिकित्सालय एवं डायबिटिस सेंटर, बिलासपुर
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्योरोपण
फोटो मेडिकल कॉलेज के नेत्र विशेषज्ञ एवं प्रोफेसरों के सातवें राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉक्टर एलसी मढ़रिया को अंधत्व निवारण में सराहनीय कार्य व अब तक 1 लाख 50 हजार से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन के लिए 6-7 जनवरी 2024 को चिकित्सा सेवा के सर्वोच्च सुश्रुत अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मेलन में डॉक्टर प्रोफेसर जेएल टीटीयाल अध्यक्ष फोटी एवं डायरेक्टर आरपी सेंटर एम्स दिल्ली, डॉक्टर प्रोफेसर एसआरके मलिक, डॉक्टर प्रोफेसर स्वपन द्वारा सम्मानित किया गया।
1990 में फेको ट्रेनिंग– शंकर नेत्रालय, चेन्नई | 2001 में रेटिना लेजर ट्रैनिंग–एम्स नई दिल्ली | 2002 में कार्निया ट्रेनिंग एल.वी.प्रसाद, हैदराबाद



गोल्ड मैडल से सम्मानित, राष्ट्रीय नेत्र सम्मेलन कलकत्ता में


सर्वाधिक 1, 35,000 ऑपरेशन के लिए, मुख्यमंत्री छ.ग. द्वारा सम्मानित
1999 में फेको ट्रैनिंग शंकर नेत्रालय, चेन्नई 2001 में रेटिना लेजर टैनिंग-एम्स नई दिल्ली
2002 में कार्निया ट्रेनिंग एल.बी. प्रसाद, हैदराबाद

उपलब्ध सुविधाएं
- 5 मिनट में मोतियाबिंद ऑपरेशन ZEPTO जेप्टो अमेरिकन तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण।
- 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा कॉचबिन्द का लेजर से ईलाज।
- 150 लाख से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन वाला प्रथम अस्पताल।
- डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेजर द्वारा।
- OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज।

गोल्ड मेडल से सम्मानित एवं अब तक
1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन


DR. L.C. MADHARIA – Eye Specialist - MBBS, MS, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
DR. AISHWARIYA MADHARIA – MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
DR. PRATIBHA MADHARIA – MBBS, MD, DNB, Gold Medalist, स्त्री रोग विशेषज्ञ, टेस्ट ट्युब बेबी स्पेशलिस्ट


मधुमेह से Severe Diabetic Retinopathy
मधुमेह से Severe Diabetic Retinopathy
मधुमेह से CRVO Central Retinal Vein Obstruction
मधुमेह से Sub Hyloid हेमरेज
मधुमेह से Mild Diabetic Retinopathy

मधुमेह के मरीज नेत्र विशेषज्ञ से अवश्य ही परामर्श ले

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी. ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक,बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. 9669979123, 9826190123

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## बांगला अकादमी की साहित्य सभा में हास्य लघुकथा एवं कविता पाठ



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ बांगला अकादमी द्वारा बंग भवन टिकरापारा में 236 वां मासिक साहित्य संगोष्ठी का आयोजन गीत संगीत, कविता पाठ, हास्य लघुकथा एवं हास्य व्यंग के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ संस्थागत संगीत, आमार भाषा तोमर भाषा से हुआ। इसके बाद अकादमी के अध्यक्ष नमिता घोष द्वारा सभी सदस्यों का संबोधन रखे गए। संगीत की प्रस्तुतियां अचिन्त्य कुमार बोस, मोनिका घोष, रीता कर्मकार, मौमिता चक्रवर्ती, प्रतिमा पाल,शुभ्रांशु शेखर घोष, प्रबाल मुखर्जी द्वारा कविता पाठ की प्रस्तुतियां आयुष प्रामाणिक, नमिता घोष, दीपिका विश्वास, पार्थ प्रतिम भादुड़ी, रुपा राहा, राजा दासगुप्त द्वारा हास्य लघुकथा डॉ सोमनाथ मुखर्जी द्वारा तथा हास्य व्यंग पार्थ सारथी बसु द्वारा प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन राजा दासगुप्त एवं प्रबाल मुखर्जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आरएन चटर्जी, निहार रंजन मल्लिक, असित बरन दास, भक्तिमय चौधरी, कौशिक चक्रवर्ती, गोपा दासगुप्त व अन्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल के नन्हे कथाकारों ने दिया नैतिकता का संदेश

*बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल प्राथमिक विभाग के छात्रों द्वारा शिक्षाप्रद कहानी विषय पर आधारित अंतर-सदनीय अंग्रेज़ी कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक एवं नैतिक संदेशों से भरपूर कहानियाँ प्रस्तुत कीं। उनकी अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल ने सभी का मन मोह लिया।*

*कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा दूसरी की प्रतिभाशाली छात्रा निष्का माखीजा ने किया। निर्णायक के रूप में सौम्या द्विवेदी और ऋचा महरोत्रा उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय और अवधारणा, उच्चारण एवं प्रवाह, स्वर में उतार-चढ़ाव और आत्मविश्वास, तथा संपूर्ण प्रस्तुति के आधार पर किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका बॉबी मथाई रहीं, जिन्होंने पूरे आयोजन का कुशल संचालन किया। कार्यक्रम की सफलता में सभी शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों को कहानी कहने की कला में मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रोत्साहन प्रदान किया। विद्यालय के प्राचार्य जसपाल सिंह माथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में भाषा कौशल, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों के विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा, जिसने विद्यार्थियों को सीखने, अभिव्यक्ति और नैतिक शिक्षा का सुंदर मंच प्रदान किया।*











आयोजन

## बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती कल,सीएम साय करेंगे शिरकत



बिलासपुर। भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वी जन्म जयंती के अवसर पर जनजाति समाज द्वारा जनजाति गौरव दिवस का आयोजन शनिवार को किया जा रहा है। जिसमें प्रातः 9 बजे जरहाभाठा छात्रावास परिसर में पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना कर रैली निकाली जाएगी जो मंदिर चौक, नेहरू चौक, देवकीनंदन चौक, गोल बाज़ार, सदर बाजार, तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड, अग्रेसन चौक होते हुए पुलिस स्टेडियम में रैली सभा के रूप में परिवर्तित होगा। रैली में बस्तर की सांस्कृतिक दलों द्वारा कला संस्कृति का अनुपम प्रदर्शन किया जाएगा साथ ही जिला स्तर पर करमा सुवा डंडा नृत्यों की प्रस्तुति भी किया जाएगा। रैली अपने भव्यता के रूप में ऐतिहासिक होगा जिसमें महापुरुषों का झलक झाँकी के रुप में दर्शाया जाना है। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा, वीर नारायण तिलका मांझी, रानी दुर्गावती आदि होगा। सभा स्थल पर 16 सांस्कृतिक दलों द्वारा छत्तीसगढ़ संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम होगा साथ ही उन्हें पुरस्कृत किया जाना है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय मुख्य अतिथि रहेंगे, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ,डिप्टी सीएम अरुण साव जिले के सभी विधायक व सभी समाज प्रमुख अतिथि होंगे।

# अगहन गुरुवार को भोर में की गई मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा

बिलासपुर। अगहन के दूसरे गुरुवार को महिलाओं ने भोर में उठ कर मां लक्ष्मी की पूजा की एवं चावल आटा से बने पकवानों के भोग लगाए। आरती कर घर, परिवार में सुख-शांति की कामना की।

अगहन मास में मां लक्ष्मी पूजा का काफी महत्व रहता है। इस पूजा को मानने वाले परिवार में बड़ी शुद्धता, स्वच्छता व पवित्रता के साथ भोर में मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा की जाती है। पूजा से पहले दिन बुधवार को दरवाजे में एवं दरवाजे से लेकर पूजा स्थल तक अल्पना सजाए गए। गुरुवार को सुबह सबसे पहले दरवाजे में दीपक जलाकर मां लक्ष्मी की पूजा कर चावल से तैयार पकवान के भोग लगाए गए। चरण चिह्नों के पास फूल अर्पित कर देवी का स्वागत किया गया। माना जाता है कि अगहन माह में माता लक्ष्मी पृथ्वी लोक में भ्रमण करती हैं। वे विशेष रूप से ऐसे घरों में प्रवेश करती हैं, जहां स्वच्छता, सच्चाई, ईमानदारी और आध्यात्मिक वातावरण होता है।





### मिलती है मां लक्ष्मी की कृपा

राजेंद्र नगर की जयश्री शुक्ला ने बताया कि उनके घर वर्षों से अगहन गुरुवारी पूजा की जा रही है। इस पूजा को भोर में ही करने के कारण इसकी एक दिन पहले यानी बुधवार को ही पूरी तैयारी कर ली जाती है। दूसरे दिन गुरुवार को भोर में उठ कर हल्दी, आंवला पत्ते का लेप लगा कर स्नान करने के बाद पूजा संपन्न होती है। इस पूजा को नियमित रूप से विधि-विधान से पूजा करने पर माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

**महिलाओं ने व्रत रख कर की सुख-समृद्धि की कामना**

**अगहन के दूसरे गुरुवार को चावल से बने पकवानों के लगाए गए भोग**



### फूलों से रंगोली बनाते हैं

व्रती श्वेता झंवर ने बताया कि गुरुवारी पूजा को लेकर उनके मन में काफी उत्साह रहता है। हर गुरुवार के पहले बुधवार को फूलों से रंगोली बनाने के साथ ही अल्पना भी बनाती है। पूजा कर व्रत भी रखती है। इससे घर का वातावरण एकदम सात्विक हो जाता है। इस पूजा में उनके परिवार वालों का पूरा सहयोग रहता है।

### इस बार पड़ रहे 5 गुरुवार

इस साल अगहन माह में 5 गुरुवार पड़ रहा है। 6 नवंबर से अगहन माह की शुरुआत हुई थी। इसी दिन मास का पहला गुरुवार रहा। खास बात यह है कि अगहन मास का समापन 4 दिसंबर को गुरुवार के दिन ही हो रहा है।

## श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठा कर की थी रक्षा

बिलासपुर। स्व. रामबाई की स्मृति में कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज भवन कपिल नगर सरकंडा में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा के छठवें दिन कथा व्यास पं. आचार्य सुनील कुमार शर्मा ने भगवान कृष्ण बाल व गोवर्धन लीला, कंस वध एवं रू क्क ्ख म णि विवाह की कथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठा कर व्रजवासियों की रक्षा की थी। कथा के आरंभ में भागवत भगवान की पूजन कर आरती की गई। इसके बाद कथावाचक ने बताया कि कंस ने भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण को मारने का प्रयास किया।

जब श्रीकृष्ण बड़े हुए तब उन्होंने मथुरा जाकर कंस को युद्ध में पराजित कर उसका वध किया। इस प्रकार उन्होंने धर्म की स्थापना और अधर्म के अंत का संदेश दिया।भगवान श्री कृष्ण और बलराम की इस अद्भुत लीला को देखकर चारों ओर उनकी जय-जय कार होने लगी, परंतु कंस को इससे बहुत दुख हुआ। उन्होंने बताया कि कृष्ण एक बहुत नटखट बच्चा था। जब वे छोटे थे तो पुतना राक्षसी उसे दूध पिलाने आई और दूधपान कराने लगी। इस समय पुतना का भाव ठीक नहीं था। पुतना को देख कर माता यशोदा को लगा कि वह कोई ब्राम्हणी है। भगवान श्रीकृष्ण निरंतर दुग्धपान करता रहा। पुतना को छोड़े ही नहीं अचानक आकाश से पुतना धड़ाम से गिरी। बताया जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण के स्पर्श के चलते पुतना के शरीर से चंदन जैसे खुश्बू आ रही थी। श्रीकृष्ण बाल्यकाल में अपने सखाओं के साथ मिलकर ग्वालिनों के घरों से माखन चुराते और बाल सखाओं संग बांटते थे। कार्यक्रम को सफल बनाने ऐशराम स्वर्णकार, रविकांत, शारदा, डॉ शशिकांत, डॉ



कपिलनगर में चल रही स्व. रामबाई स्मृति भागवत कथा

### गीतों से माहौल बना आध्यात्ममय

कथा के बीच-बीच में प्रसंग अनुसार गाए जाने वाले गीत-आओ रसिया, ऊंची-ऊंची भोग लगाओ रसिया.., शाम-सबेरे तुमको देख कितना सुंदर रूप है..की प्रस्तुति से माहौल आध्यात्ममय बना रहा।

स्पोटर्स न्यूज

# फाउंडेशन क्रिकेट ग्राउंड में एफसीए प्रीमियर लीग कल से

अंडर 12 -14 के लिए खिलाड़ियों का आक्शन चार टीमें बनाई गई



बिलासपुर। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में एफसीए प्रीमियर लीग सीजन- 8 अंडर 12 -14 का शुभारंभ शनिवार से होने जा रहा है। स्पॉन्सर, सीनियर कोच तथा अभिभावकों की मौजूदगी में चार टीमें बनाई गई व टी-शर्ट का लांचिंग किया गया। एफसीए प्रीमियर लीग सीजन-8 के लिए 13-13 खिलाड़ियों का चयन प्रत्येक टीम के लिए किया गया है।

क्रिकेट के क्षेत्र में ऑल राउंडर खिलाड़ियों का चयन करने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट के खेल मैदान में प्रदर्शन करने अलग-अलग आयु वर्ग में खिलाड़ियों का आक्शन करने पहली टीम पावर पल्स, दूसरी टीम यश टाइटन ,तीसरी टीम सरदार जी सुपर किंग तथा चौथी टीम डिग्निटी वॉरियर्स के लिए आक्शन की प्रक्रिया भी हुई। पावर पल्स टीम के ऑनर्स शब्द लाट, यश टाइटन के ऑनर्स राडिनी सिंह, सरदार सुपर किंग के ऑनर्स नवदीप सिंह तथा डिग्निटी वॉरियर्स के ऑनर्स आलोक घई होंगे। एफसीए प्रीमियर लीग सीजन 8 में प्रतिदिन 15 -15 ओवरों के मैच होंगे। वरिष्ठ कोच के मार्गदर्शन में यह क्रिकेट प्रतियोगिता एक माह तक चलेगी।

## ब्राह्मण प्रीमियर लीग में खेले गए तीन रोमांचक मैच



ब्राह्मण प्रीमियर लीग के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच पंडित संतोष गर्ग के स्वामित्व की आजाद इलेवन टीम और पंडित नरेश शुक्ला के स्वामित्व की बाजीराव ब्लास्टर टीम के बीच खेला गया। जबकि दूसरा मैच पंडित चंद्रचूर्ण त्रिपाठी के स्वामित्व वाली गोखले ग्लेडिएटर और पंडित अजीत पांडेय के स्वामित्व वाली तात्या टाइटंस के बीच खेला गया। पहले मैच में बाजीराव ब्लास्टर्स ने आठ विकेट से जीत हासिल की।

पहले मैच में बाजीराव ब्लास्ट ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण चुना। आजाद इलेवन ने आठ ओवरों में 9 विकेट खोकर 61 रनों का लक्ष्य बाजीराव ब्लास्टर्स को दिया। जिसे बाजीराव ब्लास्टर्स ने महज दो विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। बाजीराव ब्लास्टर्स ने पांच ओवर तीन बॉल में 67 रन बनाए। बाजीराव प्लास्टर के प्लेयर आशीष शर्मा ने 9 बालों में चार छक्कों की मदद से 24 रन बनाए। दूसरा मैच तात्या टाइटंस और गोखले ग्लेडिएटर्स के बीच खेला गया। गोखले ग्लेडिएटर्स ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण चुना। तात्या टाइटंस ने चार विकेट खोकर 88 रनों का लक्ष्य गोखले ग्लेडिएटर्स को दिया। पर गोखले ग्लेडिएटर्स 5 विकेट खोकर 61 रन ही बना पाई। तात्या टाइटंस ने 27 रन से जीत हासिल की।

तात्या टाइटंस के खिलाड़ी अंशुल मिश्रा ने 22 बालों में तीन छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। वही गोखले ग्लेडिएटर्स के सिद्धार्थ शर्मा ने 10 बाल में 25 रन बनाएं। तीसरा मैच पंडित अभिनव तिवारी के स्वामित्व वाली मालवीय मास्टर्स और पंडित योगेश मिश्रा के स्वामित्व वाली बिस्मिल ब्रेवर्स के बीच खेला गया।

### नारी शक्ति ने मुख्य अतिथि बनकर बढ़ाया हौसला

पहले मैच के अतिथि पूर्व महापौर रामशरण यादव, जय वाधवानी, बबलू कश्यप, शैलेंद्र यादव,स्नेहलता शर्मा,सीमा गिरीश लहरी,बंटी गुप्ता,राजेश पाण्डेय,सुधीर सिंह,महेंद्र गंगोत्री रहे। जबकि दूसरे मैच के अतिथि विनोद सोनी, भरत कश्यप, बंधु मौर्य,प्रकाश यादव,संजय यादव, रेखा पांडे,संजय सिंह,दिनेश देवांगन, मोतीलाल,रूपाली गुप्ता,सुनीता जगत रहे। तीसरे मैच में नारी शक्ति के मुख्य आतिथ्य में मैच हुआ। अतिथि के रूप में अंकिता त्रिपाठी, पूजा अभिनव तिवारी, अपूर्व ऋषभ शर्मा, वर्षा बृजेश शर्मा, अंकित चंद्रचूर्ण त्रिपाठी ने मौजूद रहकर पहले टॉस करवाया फिर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर मैच का लुत्फ उठाया।

## इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ, चार मैच खेले गए

अचीवर्स पब्लिक स्कूल गतौरी के मैदान में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रखा गया, व्यायाम शिक्षक अरुण दुबे ने बताया कि स्कूलों में खिलाड़ियों के छुपी हुई प्रतिभा को निखारने और मंच देना है। इस क्रिकेट शुभारंभ के मुख्य अभ्यागत उपाध्यक्ष प्रदेश किसान कांग्रेस विनय शुक्ला पार्षद सुनील अग्रवाल, स्कूल के डायरेक्टर वीरेंद्र चौहान, स्कूल की प्राचार्या प्रीति चौहान,उपप्राचार्या मिकूँ मिश्रा इन सभी के आतिथ्य में मैच का शुभारंभ किया गया। मैच शुभारंभ से पहले स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा योग और पिरामिड का प्रदर्शन किया गया तत्पश्चात मैच प्रारंभ किया गया। प्रथम मैच कर्नल स्कूल और मॉर्डन स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें कर्नल स्कूल ने जीत दर्ज किया,दूसरा मैच जैन इंटरनेशनल स्कूल और एलसीआईटी के मध्य खेला गया जिसमें एलसी आई टी ने मैच जीता,तीसरा मैच आधारशिला विद्या मंदिर और सेंट जेवियर भरनी के मध्य खेला गया जिसमें आधारशिला विद्या मंदिर ने मैच जीता। चौथा मैच पद्माक्षीय ग्लोबल स्कूल और लोयला स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें लोयला स्कूल ने मैच जीता। आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरा अचीवर्स पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा।





## एलसीआईटी की टीम ने पॉलिटेक्निक कॉलेज को 10 विकेट से हराया

एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी बोदरी की क्रिकेट टीम ने एकीकृत राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज बेरला को 10 विकेट से हराकर जीत के साथ आगाज़ किया है। महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आबंटित एकीकृत राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दुर्ग की मेजबानी मे 25 नवंबर तक आयोजित है। क्रिकेट प्रतियोगिता में एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी ने पुरुष क्रिकेट टीम ने पहले मैच में शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज बेरला को 10 विकेट से हराकर दूसरे राउंड मे प्रवेश किया है। बेरला टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर निर्धारित 10 ओवर के मैच मे 44 रन बनाकर आल आउट हो गया।एलसीआईटी फार्मेसी टीम की ओर से कप्तान हिमांशु जोगी व दिव्यांशु साहू ने 3-3 विकेट लिए आज़म हुसैन को भी 3 विकेट मिला। 45 रन के लक्ष्य को एलसीआईटी की टीम ने 3 ओवर में ही बिना किसी नुकसान के प्राप्त कर लिए। सलामी बल्लेबाज हिमांशु ने 3 चौके की मदद से 14 रन बनाये वही दूसरे सलामी बल्लेबाज आज़म हुसैन ने 4 चौके व एक छक्के की मदद से 31 रन बनाएं।

## 33 दिव्यांग तैराकी दल हैदराबाद रवाना, 15 से स्पर्धा

25 वीं राष्ट्रीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता हैदराबाद में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 20 महिला दिव्यांग तैराक 4 कोच मैनेजर, 4 दिव्यांग तैराकों के सहयोग के लिए सहयोगी 5 कुल 33 सदस्यीय दल हैदराबाद रवाना हुए। सभी चयनित दिव्यांग तैराकों को गुरूवार को संजय तरण पुष्कर में दोपहर 12 बजे चयनित दिव्यांग तैराकों को स्विमिंग किट, ट्रैक शूट, टी शर्ट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि अपर आयुक्त नगर निगम खजांची कुम्हार, अध्यक्षता जेडी समाज कल्याण तिलकेश भावे, विशेष रूप से संरक्षक छत्तीसगढ़ विकलांग तैराकी संघ अजीत सिंह भोगल, आदर्श दुबे, वैभव गुप्ता उपस्थित रहें। अतिथियों द्वारा दिव्यांग तैराकों को हैदराबाद में अच्छा प्रदर्शन करने एवं राज्य के लिए अधिक से अधिक मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरांवित करने की बात कही गई। तैराकी दल की कोच दुर्गा यादव तैराकी प्रशिक्षक, पुरुष वर्ग के कोच गणेश राम एवं मैनेजर गोपाल यादव नियुक्त हैं। कार्यक्रम का संचालन सूरज यादव महासचिव छत्तीसगढ़ विकलांग तैराकी संघ ने किया एवं स्वीमींग कीट वितरण समारोह में ज्योति देवांगन, आनंद उपस्थित रहें।



## खबर संक्षेप

### जल्दी आवास निर्माण कराने हितग्राहियों को नोटिस



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत चनाडोंगरी के 144 आवास हितग्राहियों को नोटिस जारी कर तत्काल आवास निर्माण कराने के निर्देश दिए। सीईओ सत्यव्रत तिवारी सहित पूरी जनपद टीम चनाडोंगरी में दिन भर मौजूद रही एवं सभी अप्रारंभ, प्रगतिरत आवास हितग्राहियों के घर-घर जाकर जल्द ही कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान में प्रमुख रूप में सीईओ जनपद पंचायत तखतपुर सत्यव्रत तिवारी एवं जनपद टीम के साथ क्षेत्रीय जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पंच, आवास मित्र, मेट, महिला समूह व अन्य ग्रामीण सहयोगी उपस्थित रहे।

### स्कूली छात्र-छात्राओं ने किया रमन विवि का शैक्षणिक भ्रमण



**तखतपुर।** तखतपुर विकासखंड अन्तर्गत संचालित हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को डॉ सीवी रमन विश्विद्यालय कोटा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ पीके घोष एवं कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बच्चों को विश्विद्यालय के समस्त प्रचलित विभागों, कला साहित्य केंद्रों, तकनीकी शिक्षा केन्द्रों के विषय में जानकारी दी। विवि के दूरवर्ती शिक्षा के निर्देशक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अभिषेक पाठक, शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा के संकाय अध्यक्ष डॉ जयशंकर यादव, उपकुलचिव अनूप शुक्ला, डिपार्टमेंट ऑफ मेकेनिकल के असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप कुमार शर्मा के द्वारा किया गया। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में बीईओं कामेश्वर बैरागी सहित सीमा त्रिपाठी, लवकान्त द्विवेदी, अमरदीप शर्मा, मनोरमा बर्मन, प्रकाश शर्मा, राजेन्द्र कुमार नामदेव, विजय कौशिक, इजराइल खान सहित अन्य शामिल थे।

### रासेयो के सभी पदाधिकारियों की सूची जारी

**मल्हार।** राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व सलाहकार, छात्र प्रतिनिधि एवं समाज सेवक धनेश रजक की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंप कर विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों एवं संस्थानों में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारियों के नाम, पदनाम एवं फोटोग्राफ प्रदर्शित करने की मांग की गई थी। इस मांग पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी पदाधिकारियों की सूची जारी की है। इस सूची में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से लेकर राज्य एवं विश्वविद्यालय स्तर के सभी अधिकारी सम्मिलित हैं। धनेश रजक ने बताया कि, पूर्व में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवकों को उच्च स्तरीय पदाधिकारियों के नाम एवं पदों की जानकारी नहीं होने के कारण जानकारी में कठिनाई आती थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह मांग रखी थी। विश्वविद्यालय की ओर से मांग को स्वीकार कर कार्रवाई पूर्ण किए जाने पर धनेश रजक ने कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज कुमार सिन्हा एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। और इसे स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।



### जंगल में नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 10 साल की कैद

**पेंड्रा।** गौरला थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरिया के जंगल में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी पाए जाने पर अदालत ने आरोपी सुहेल उर्फ सोहेल खान को भारतीय दंड संहिता की धारा 137(2), 75, 63(ख) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-4 के तहत 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है।जानकारी के मुताबिक आरोपी सोहेल से नाबालिग की दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई एवं दोनों के बीच रोजाना बातचीत होने लगी। 10 फरवरी 2025 को सोहेल ने अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने के बहाने बालिका को मलनिया डेम बुलाया और और जबरदस्ती मोटरसायकल पर बैठाकर पकरिया के जंगल ले गया। वहां उसने बालिका के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत शुरू कर दी। मामले की शिकायत पर गौरेला पुलिस ने बीएनएस और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी सोहेल खान पिता मोहम्मद फारुख खान निवासी बेलगहनाटोला को गिरफ्तार कर लिया। मामले में दोषी पाए जाने पर विशेष अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल ने आरोपी को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4 के तहत 10 साल के कठोर कारावास और 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर उसे अतिरिक्त एक माह का कठोर कारावास भुगतना होगा। साथ ही बीएनएस एक्ट की धारा 137(2) के तहत एक वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासन की ओर से पैरवी विशेष अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की।

#### सूचना के बाद भी अधिकारियों ने नहीं लिया संज्ञान

# स्कूल का हैंडपंप 6 माह से खराब पेयजल के लिए तरस रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

सरकार बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखकर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की है, ताकि स्कूली बच्चे रोजाना स्कूल आ कर शिक्षा ग्रहण कर सकें। भोजन के साथ साथ स्कूल कैंपस में पानी की व्यवस्था भी आवश्यक है, ताकि बच्चों को पेयजल के लिए परेशान होना ना पड़े।

लेकिन, लोहड़िया की स्कूलों में स्थिति कुछ और ही देखने को मिल रही है। लोहड़िया प्राथमिक, मिडिल स्कूल कैंपस में लगा हैंडपंप लगभग पिछले छह माह से खराब पड़ा है, जसके कारण बच्चों को पानी पीने के लिए तरसना पड़ रहा है। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि, उक्त समस्या की जानकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग को लिखित में दी जा चुकी है, लेकिन आज तक इस ओर किसी ने संज्ञान नहीं लिया।



लाल गोल घेरे में बिगड़ा हुआ हैंडपंप।

**हो रही परेशानी:** कैंपस में हैंडपंप लगा हुआ था, जिसमें मोटर भी लगाया गया है, लेकिन छह माह पहले बोर धंस गया। इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया जा सका। जिनके कारण बच्चों को पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- **शंकर लाल साहू**, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल लोहड़िया

#### आधा किमो दूर से लाना पड़ता है पानी

जानकारी के अनुसार हैंडपंप धंस गया है, जिसकी जानकारी फोटो सहित मंत्री तक पहुंचाई गई है। लोहड़िया डिप्टी सीएम अरुण साव का पैतृक गांव है एवं यहां आना-जाना लगा रहाता है। हैंडपंप खराब होने की जानकारी उन तक भी पहुंचाई जा चुकी है, लेकिन अब तक विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थिति यह है कि, आधा किलोमीटर दूर से पानी लाकर बच्चों की प्यास बुझाई जाती है। सरपंच प्रतिनिधि शंभू कश्यप ने बताया कि प्राथमिक, मिडिल स्कूल का बोर धंस गया है, मरम्मत योग्य नहीं है। नया बोर खनन करना पड़ेगा, इसके लिए विभाग तक जानकारी भेजी गई है। जैसा निर्देश मिलेगा समस्या का समाधान किया जाएगा।



### दंत परीक्षण शिविर में 73 बालकों के दांत की जांच

**बोदरी।** त्रिवेणी डेंटल कॉलेज बोदरी की ओर से शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह, प्लेस ऑफ सेफ्टी एवं विशेष गृह बिलासपुर में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश सिंह के नेतृत्व एवं अधीक्षिका सुजाता हालदार की देख-रेख में संपन्न हुआ। इस शिविर में कुल 73 बालकों के दांतों की जांच की गई। दंत जांच एवं परामर्श का कार्य डॉ आयुष, डॉ अनुष्का जैन और डॉ अनुषा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने बालकों को दंत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। छात्र कशिश, नियोन एवं कुणाल ने भी शिविर संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर में डॉक्टर्स ने बच्चों को नियमित रूप से दिन में दो बार ब्रश करने, संतुलित एवं स्वच्छ आहार लेने तथा समय-समय पर दंत परीक्षण कराने की सलाह दी। इस अवसर पर कैंप प्रभारी सौरभ कौशिक, जय रजक, रामदत्त कौशिक, संदीप रजक, अनिता निर्मलकर, अरुण वर्मा, दिनेश, डॉ अनिर्बान रॉय, डॉ अनुभा गुच्छैत, डॉ सोमनाथ विश्वास एवं डॉ सोहम मैती की उपस्थिति रही।

साथ ही कामता श्रीवास परिवीक्षा अधिकारी, देव नेताम परामर्शदाता, रितेश तंबोली, नरेश कोशले, दुर्गेश कुमार, जलकिशोर कुर्रे तथा पैरामेडिकल स्टाफ ममता धीवर, मंजुलता कुर्रे एवं अविलता टोप्पो का विशेष योगदान रहा।

### पशु-पक्षी जीवन का आधार, किसान पशुपालन कर बढ़ाएं आय: साव

**पशु चिकित्सालय में नए भवन निर्माण हेतु 40 लाख रूपए की घोषणा**

**लोरमी।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा विकासखण्ड के ग्राम नवाडीह (लपटी) में जिला स्तरीय पशु-पक्षी प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने पशु मेला में विभिन्न पशुओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने पशु चिकित्सालय लोरमी में नए भवन निर्माण हेतु 40 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पशु-पक्षी जीवन का आधार है। उन्होंने पशुपालन के महत्व को बताते हुए कृषि के साथ पशुपालन कर आय बढ़ाने प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्नत नस्ल के पशुओं के संवर्धन के लिए प्रेरित किया। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर ने किसानों को पशुपालन के साथ-साथ जैविक खेती अपनाने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेती-



किसानी के साथ पशुपालन से जैवित खाद की उपयोगिता बढ़ेगी और रासायनिक खादों पर निर्भरता कम होगी, जिससे बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण सुनिश्चित होगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाए डॉ. आर.एम. त्रिपाठी ने प्रशासनिक प्रतिवेदन पढ़ा एवं पशु-पक्षी के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेले में पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। आयोजित मेले में विभिन्न नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी लगाई गई और उत्कृष्ट पशुपालकों को सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता पुष्पकांत शर्मा को नस्ल सुधार कार्य के लिए सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. शिव पटेल ने किया। इस दौरान नोडल अधिकारी डा.प्रमोद नामदेव ने प्रदर्शनी में कार्य करने वाले विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सांस्कृतिक धरोहरों को संजो कर रखना जरूरी: सियाराम

**दगोरी।** यदुवंशियों की सांस्कृतिक परम्परा छत्तीसगढ़ की पुरातन संस्कृति है। यह परंपरा हमें आपस में जोड़कर आपसी भाईचारे का संदेश देती है। लोक सांस्कृतिक परंपरा धरोहरों को संजो कर रखने की आवश्यकता है।

उक्त बातें यातायात नगर वार्ड 9 में आयोजित रावत नाच महोत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने कही। वार्ड पार्षद मनहरण कौशिक ने कहा कि, यादव समाज की यह परंपरा ऐतिहासिक है, जो हमें आपस में जोड़कर रखती है। बड़े गौटिया दिलीप कौशिक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नर्तक दलों ने अपने हुलर का प्रदर्शन किया। रावत नाच महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर चकरभाठा दल को 6 हजार नकद



व शील्ड, द्वितीय स्थान हरदीकला को 5 हजार नकद व शील्ड एवं तृतीय स्थान परसदा को 4 हजार नगद तथा शील्ड अतिथियों ने प्रदान किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामवासी एवं व्यवसायी उपस्थित थे। इस अवसर पर महेंद्र कौशिक, संजय कौशिक, बलराम, अवध, ज्ञान कौशिक, नरेश कौशिक, राजेंद्र, महेश, हनुमान, सालिकराम, संतोष, पुरान, महेश, नारायण, दल्लू, राधे सहित यादव समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### शुक्ल कॉलेज में देशभक्ति का रंग, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में 'वंदे मातरम' राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने कहा क, ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ उनमें देशप्रेम की भावना भी प्रबल करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत गायन प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 20 प्रतिभागियों ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें अंकित साहू ने प्रथम, संगीता साहू ने द्वितीय और काजल यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद क्विज प्रतियोगिता में लगभग 60 विद्यार्थियों ने पांच समूहों में भाग लिया। 'वंदे मातरम' गीत पर आधारित प्रश्नोत्तरी में स्वामी विवेकानंद समूह ने प्रथम, चंद्रशेखर आजाद समूह ने द्वितीय और सुभाषचंद्र बोस समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में संजू प्रथम, लक्ष्मी धीवर द्वितीय और मधु साहू तृतीय रहीं। वहीं पोस्टर चित्रकला प्रतियोगिता में रोशनी ठाकुर ने प्रथम, सत्यवान ने द्वितीय और आरती पनोरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### हमें हमेशा भगवान के नाम के आश्रय में रहना चाहिए: कृष्णप्रिया



**लोरमी।** जिंदल परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचिका देवी कृष्णप्रिया ने गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम जन्म, कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव प्रसंग का वर्णन किया। साथ ही उन्होंने राजा रहूगण संवाद तथा अजामिल चरित्र का भी वर्णन किया गया। कथा को विस्तार देते हुए उन्होंन कहा कि, इस कलयुग में नाम ही सार है। जब आप भगवान का नाम लेते हैं, तो साक्षात शब्द के रूप में भगवान ही आपके जीह्वा पर होते हैं। इसलिए हमें हमेशा भगवान के नाम के आश्रय में रहना चाहिए। इस कलयुग में योग व जप-तप में उतना बल नहीं है, जितना बल भगवान ने कलयुग में नाम को दे रखा है। देवी ने भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि, भक्त प्रहलाद की कथा हमें बताती कि, किस प्रकार एक भक्त का पिता उस बालक को भगवान का नाम न लेने के लिए प्रताड़ति करता है। उन्हें मारने का प्रयास करता है, लेकिन भगवान के नाम का विश्वास उन्हें हर मुश्किल से बचाता है। यही विश्वास एक दिन पत्थर से साक्षात नरसिंह भगवान को प्रकट कर कर देता है।

### पदमपुर में निमोनिया जनजागरूकता कार्यक्रम



**मुंगेली।** विश्व निमोनिया दिवस पर ग्राम पदमपुर में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 5 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में हो रही मृत्यु दर को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निमोनिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही घरों में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की व उनके परिजनों को हाथ धोकर बच्चे को पाने की सलाह दी। साथ ही कपड़े साफ-सुथरे की रखने, छींक व खांसी से बच्चों को दूर रखने एवं 6 माह तक बच्चे को मं का दूध पिलाने के सुझाव दिए गए। डॉ मनीष बंजारा ने बताया कि, हर वर्ष 12 नवंबर को विश्व निमोनिया दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य निमोनिया से होने वाली मौतों को रोकना और लोगों में जागरूकता पैदा करना है। इस वर्ष 2025 की थीम 'हर सांस की कीमत-बाल जीवन की रक्षा' है। यह संदेश देती है कि, हर बच्चे को सांस लेने का अधिकार है, और कोई भी बच्चा निमोनिया जैसी बीमारी से अपनी सांसें न खोए।

#### खरीदी केंद्रों में तैयारियां पूर्ण, प्रशासन सतर्क

# कल से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

**मुंगेली।** समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू की जाएगी। धान खरीदी के लिए जिले के 66 समितियों के 105 उपार्जन केन्द्रों में तैयारियां सुनिश्चित करने जिला प्रशासन सतर्क है। जिले में पारदर्शिता, सुगमता एवं पूर्ण निगरानी के साथ धान खरीदी सुनिश्चित की जाएगी। सभी उपार्जन केंद्रों में सुचारू धान हेतु खरीदी प्रभारियों और जिला नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है।

उपार्जन केंद्रों में कांटा-बांट का सत्यापन, कैलिब्रेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। धान खरीदी के लिए जिले के 105 केंद्रों में बायोमैट्रिक डिवाइस भी उपलब्ध कराया जा चुका है तथा जिले के संवेदनशील खरीदी केंद्रों में सीसीटीवी लगाने का काम किया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार धान खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता



बरती जा रही है। अधिकारियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए हैं। सुचारू रूप से धान खरीदी के लिए मिलर्स की भी बैठक लेकर सहयोग की अपील की गई है। जिले में धान खरीदी के लिए विशेष मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया गया है तथा बेहतर मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। रूट मैपिंग करने एवं परिवहन के लिए चिन्हांकित वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाकर विशेष निगरानी की जाएगी और धान परिवहन में किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर ऐप के माध्यम से तुरंत अलर्ट प्राप्त हो जाएगा, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश कुमार डड़सेना ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार खरीदी केंद्रों के लिए स्थल चयन कर अधिकारियों के माध्यम से उसके साफ–सफाई का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है।

#### कृषि अधिकारी होंगे प्रभारी

पथरिया। शासन के निर्देशानुसार विकासखंड के 31 धान खरीदी केंद्रों पर नियत तिथि 15 नबंर से खरीदी प्रारंभ होने जा रही है। पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा ने इसके लिए ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित कर सभी केंद्रों में एक साथ खरीदी शुरू करने की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि, किसानों की सुविधाओं और शासन के गाइडलाइन को प्राथमिकता में रखते हुए धान खरीदी करें। उन्होंने केंद्रों में किसानों को मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया। उन्होंने मीडिया को बताया कि, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के पंजीकृत किसानों से 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। धान खरीदी कार्य को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर बैठक लेकर पथरिया ब्लॉक मे 31 समितियों मे प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। खरीदी केंद्रों पर प्रभारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को बनाया गया है। साथ टीम मे जिला साहकरी विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, फूड विभाग मिलकर धान खरीदी में सहयोग करेंगे।

### विपरीत परिस्थिति देकर भगवान भक्त की परीक्षा लेते हैं: आशुतोष



**तखतपुर।** भगवान भक्त को विपरीत परिस्थिति देकर उनके धैर्य और भक्ति की परीक्षा लेते हैं। व्यक्ति इन दोनों में पास हो जाता है, तब ईश्वर उन्हें दर्शन देते हैं। यह बातें नगर के पड़रिया रोड निवासी रवि क्षत्री के निवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के दौरान कथावाचक आशुतोष चैतन्य ने कहा। आगे कथा विस्तार करते हुए उन्होंने कहा कि, भागवत कथा ही एक मात्र ऐसा साधन है, जो व्यक्ति को मोक्ष दिलाती है। हम सभी को अपने व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल निकालकर भगवत कथा का श्रवण जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि, अपने घर के वातावरण को पवित्र बनाए रखने के लिए परिजनों के साथ नियमित रूप से सुबह शाम भगवत भजन और आरती करनी चाहिए। इस अवसर पर रवि सिंह, रागीनी सिंह, रामस्नेही सिंह, रामू सिंह क्षत्री, चंचल कारड़ा, मोना कारड़ा, राजेश्वर दीवान, आशुतोष द्विवेदी, अनिंद त्रिपाठी, नटराज सिंह, भारत तोलानी, लक्ष्मी दयाल पटेल, मनीष सोनी, नरेंद्र टांडे, रघुनंदन दीवान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती कल निकाली जाएगी रैली

**बिलासपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती पर जनजाति समाज द्वारा जनजाति गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर को किया जा रहा है। जिसमें सुबह 9 बजे जरहाभाठा छात्रावास परिसर में पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना कर रैली निकाली जाएगी। जो मंदिर चौक, नेहरू चौक, देवकीनंदन चौक, गोल बाजार सदर बाजार तेलीपारा पुराना बस स्टैंड अग्रेसन चौक सत्यम चौक रघुराज स्टेडियम होते हुए पुलिस स्टेडियम बिलासपुर में रैली सभा के रूप में परिवर्तित होगी। रैली में बस्तर की सांस्कृतिक दलों द्वारा कला संस्कृति का अनुपम प्रदर्शन किया जाएगा। जिला स्तर पर करमा सुवा डंडा नृत्यों की प्रस्तुति भी किया जाएगा। रैली में महापुरुषों की झलक झाँकी के रुप में दर्शाया जाना है जिसमें भगवान बिरसा मुंडा, वीर नारायण, तिलका मांझी, रानी दुर्गावती आदि होगा। सभा स्थल पर 16 सांस्कृतिक दलों द्वारा छत्तीसगढ़ संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम होगा। उन्हें पुरस्कृत किया जाना है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय मुख्य अतिथि रहेंगे। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू,डिप्टी सीएम अरुण साव, जिले के सभी विधायक व सभी समाज प्रमुख अतिथि होंगे। सभी समाज प्रमुखों का व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक लोगों का सम्मान मुख्यमंत्री के हाथों में किया जाएगा।

### लायंस क्लब स्माइल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन ने किया भोजन वितरण



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था, 3233 - सी लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन के द्वारा गोल बाजार हरदेव लाला मंदिर के पास दोपहर 12 बजे जरूरत मंद को भोजन (पूड़ी सब्जी) वितरण किया गया। इस कार्य में क्लब और फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव डॉक्टर सुरभि राजगीर, कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू, फाउंडेशन की सचिव संगीता लांजेवर, गीता प्रजापति आदि मौजूद थीं।

### अपर कलेक्टर ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का लिया जायजा, बताया महत्व



**बिलासपुर।** अपर कलेक्टर एस.एस. दुबे एवं सकरी के नायब तहसीलदार विभोर यादव ने सकरी तहसील के ग्राम खजुरी नवागांव और बिनोरी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का जायजा लिया और बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बीएलओ के साथ मिलकर कुछ मतदाताओं के घर जाकर उनसे चर्चा की तथा उन्हें एसआईआर कार्य के महत्व के बारे में समझाया। वर्तमान में बीएलओ घर-घर पहुंचकर गणना फार्म का वितरण कर रहे हैं। अपर कलेक्टर श्री दुबे ने सभी बीएलओ को यह कार्य पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ करने के निर्देश दिए।


### सूर्यवंशी युवा कल्याण समिति का वार्षिक भ्रमण



**बिलासपुर।** सूर्यवंशी युवा कल्याण समिति द्वारा वार्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें बिरकोना, खमतराई, सेमरताल, पौसरा, नगोई, बिजौर, बहतराई, मोपका, उर्रतुम मटियारी, तोरवा, देवरी, कुकदा सागर, नहरी भाटा परसाही आदि सभी गांव से सदस्यों ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वार्षिक भ्रमण का मूल उद्देश्य भ्रमण के दौरान समिति के उद्देश्यों के बारे में बताना जैसे की समाज सेवा पौधरोपण, नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण अभियान, शिक्षा के लिए लोगों को जागरूक करना, युवाओं को जोड़ के आपसी भाईचारा स्थापित करना, आपसी मनमुटाव को दूर करना, सामाजिक एवं प्रशासनिक सेवाओं में अपनी सेवा देने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों का सहयोग और मार्गदर्शन मिला। उन सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### पोस्टमार्टम के लिए रूपए मंगाने पर होगी कार्रवाई, कफन सामग्री सिम्स में उपलब्ध

**बिलासपुर।** सिम्स में पोस्ट मार्टम के दौरान मृतक के परिजनों से सामाग्री के लिए रूपए मांगना सिम्स के कर्मचारियों को मंहगा पड़ सकता है। प्रबंधन ने मानवीय मिशाल पेश करते हुए कफन, बिसरा डब्बे, पालिथीन व अन्य सामाग्री सिम्स में ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए परिसर में बोर्ड लगाकर परिजनों को जानकारी भी दी जा रही है। हाल ही में सिम्स मरच्यूरी में मृतक के परिजनों से कफन और पालिथीन सहित अन्य सामाग्री के लिए रूपए मांगने का विडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद सिम्स की छवि पर दाग लगने लगे थे। प्रबंधन ने मामला सामने आते ही तत्काल एक्शन शुरू कर दिया है। अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने सिम्स स्टोर द्वारा ही पोस्ट मार्टम के लिए आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिया है। मरच्यूरी में जागरूकता के लिए बोर्ड लगाया गया है, जिसमें किसी भी व्यक्ति को पीएम के लिए भुगतान नहीं करने की सलाह दी गई है, वहीं इसकी शिकायत अधीक्षक से की जाए सकेगी। वहीं कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई है। अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने बताया कि स्टोर में पहले से ही सामाग्री रखी जाती है लेकिन कर्मचारी उसे इश्यू नहीं कराते है, जिससे यह दिक्कत हुई थी। उन्होंने स्टोर इंचार्ज को इसके लिए आदेश दिया है और समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



जिला मजिस्ट्रेट पेश करें हलफनामा | पीडब्लूडी सचिव से मांगा व्यक्तिगत हलफनामा

# हाईकोर्ट ने सरकारी कंपोजिट बिल्डिंग में 15 दिनों में लिफ्ट शुरू करने दिया आदेश

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने बिलासपुर के सरकारी कंपोजिट बिल्डिंग में 6 महिने से लिफ्ट खराब होने और बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस विभुदत्त गुरू की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट 10 नवंबर के आदेश के परिपालन में पीडब्ल्यूडी विभाग के सचिव ने शपथ पत्र में जवाब पेश किया। इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 15 दिनों का समय देते हुए लिफ्ट शुरू करने को लेकर जवाब पेश करने के निर्देश दिए। अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर जिला मजिस्ट्रेट बिलासपुर को भी शपथ पत्र में जवाब दायर करने का आदेश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को रखी गई है। बिलासपुर के सरकारी कंपोजिट बिल्डिंग की 6 महिने से लिफ्ट खराब, दिव्यांग मुश्किल से चल रहे सीढ़ियां, क्या सिस्टम बैसाखी पर है, मीडिया में प्रकाशित इस खबर को हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लिया है। आज इसमें प्रशासन की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े किए गए थे। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भरत, राज्य प्रतिवादियों की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर उपस्थित हुए। 8 नवंबर 2025 को इस समाचार में नए समग्र सरकारी भवन, जिसमें 22 विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यालय में प्रचलित मामलों की गहन चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। उक्त



समाचार रिपोर्ट के अनुसार भवन में लगी लिफ्ट पिछले 6 महिनों से खराब है। एक नई लिफ्ट का निर्माण भी चल रहा है। लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद ग्रेनाईट फिटिंग जैसे स्थापना कार्यों में देरी के कारण इसे चालू नहीं किया जा सका है। परिणामस्वरूप तीन मंजिला और कुल 72 सीढ़ियों वाली पूरी ईमारत में अभी भी कोई लिफ्ट चालू नहीं है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस संयुक्त भवन में लगभग 250 सरकारी अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं और इतनी ही संख्या में नागरिक अपने आवश्यक कार्यों के लिए प्रतिदिन इन सरकारी विभागों में आते-जाते हैं। लगभग 500 लोग प्रतिदिन भवन में आते-जाते हैं फिर भी एक भी लिफ्ट चालू न होने से व्यापक असुविधा और कठिनाई हो रही है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि सरकारी नियम विकलांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक भवनों में कार्यात्मक लिफ्ट, रैंप और व्हीलचेयर सुविधाओं की उपस्थिति को अनिवार्य करते हैं। इसके अलावा ऐसी सुविधाओं की विफलता के मामले में भूतल पर अस्थाई व्यवस्था प्रदान की जानी चाहिए।

### ईमारत में पीने के पानी की सुविधा नहीं

वर्ष 2013 में लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस ईमारत में पीने के पानी की सुविधा नहीं है। विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने कलेक्टर को पत्र लिखकर लिफ्ट की मरम्मत और नई लिफ्ट को जल्द से जल्द चालू करने का अनुरोध किया है। अंत में समाचार रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि लोक निर्माण विभाग को लिफ्ट स्थापना कार्य में तेजी लाने और जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### पीडब्ल्यूडी सचिव ने पेश किया हलफनामा

हाईकोर्ट ने लोक निर्माण विभाग के सचिव को व्यक्तिगत हलफनामा पेश करने कहा है जिसमें मौजूदा लिफ्ट की मरम्मत की वर्तमान स्थिति, नई लिफ्ट के चालू होने में देरी के कारण, दोनों लिफ्ट के चालू होने की समय सीमा और सरकारी भवन में पहुंच और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित कदमों का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो। कोर्ट के आदेश के बाद गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के सचिव ने व्यक्तिगत हलफनामा पेश किया है।

41 मेमू दौड़ रही बिना कैमरे के, कोरबा-बिलासपुर लोकल दुर्घटना की जांच में आई थी परेशानी

# जोन में मेमू के 44 रैक, जिसमें से केवल तीन के इंजन में लगे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में चलने वाली लोकल मेमू के रैक की संख्या 44 है, जिसमें से केवल 3 मेमू रैक के कोच और इंजन में कैमरे लगाए गए हैं। इसमें से एक लोकल मेमू के रैक कोरबा-बिलासपुर की कुछ दिन पहले दुर्घटना हो चुकी है, जिसके इंजन में कैमरा नहीं होने के कारण जांच में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

रेलवे बोर्ड ने सभी जोन से चलने वाली एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और लोकल मेमू ट्रेनों के रैक में लगे जनरल, स्लीपर और एसी कोच के साथ इंजन में कैमरा लगाने का आर्डर जारी किया था। इस आदेश का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों में होने वाले अपराधिक गतिविधियों के साथ महिलाओं की सुरक्षा थी। बोर्ड से आदेश मिलने के बाद दूसरे जोन में कैमरा लगाने का काम तो शुरु कर दिया गया, लेकिन अब तक बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर सहित अन्य स्टेशनों से चलने और रवाना होने वाली ट्रेनों के कोच में शुरुआत तो दूर टेंडर प्रक्रिया भी जारी नहीं की गई। रेलवे में ज्यादातर यात्री ट्रेनों का परिचालन एलएचबी कोच से किया जा रहा है, जिसमें से केवल बिलासपुर से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी और बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में ही सीसी कैमरे लगे हुए हैं। राजधानी का मेंटनेंस व अन्य कार्य नई दिल्ली में होता है, वहीं वंदेभारत की पूरे कोच कपूरथला फैक्ट्री में तैयार किए गए हैं। एक्सप्रेस के साथ लोकल ट्रेनों में भी सबसे अधिक यात्री सफर करते हैं, जिसमें चोरी व अन्य अपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं। कैमरा लगाने का कार्य लोकल मेमू में भी किया जाना है। वर्तमान में लोकल ट्रेनों के रैक की संख्या 44 के करीब हैं, जिसमें से तीन लोकल के नए रैक बिलासपुर जोन में बनाने के साथ सभी कोच में कैमरे लगाने का कार्य किया गया है। वहीं 41 रैक और उसमें लगे इंजन बिना कैमरे लगाए परिचालन किए जा रहे हैं।



### भिलाई और गोंदिया में मेंटनेंस

रेलवे से जानकारी के अनुसार बिलासपुर डिवीजन के कोचिंग डिपो में केवल गाड़ियों के मरम्मत और अन्य साफ-सफाई का कार्य किया जाता है। वहीं लोकल मेमू की जितनी भी रैक हैं, वह सभी रायपुर डिवीजन के भिलाई और नागपुर डिवीजन के गोंदिया में तैयार करने के साथ उसके मेंटनेंस व दूसरे कार्य होते हैं। एक रैक में कोच की संख्या आठ के करीब होती है। कैमरा लगाने से लेकर दूसरे जो भी कार्य हैं, भिलाई और गोंदिया से करने के बाद ही दूसरे स्टेशनों में रवाना किए जाते हैं।

### एक रैक दुर्घटनाग्रस्त

कोरबा से बिलासपुर के बीच चलने वाली रैक नई थी। इसमें लगे आठ कोच के साथ इंजन में भी कैमरों को लगाया गया था, जिस कार्य को जालंधर सिटी की प्रोजोन कंपनी ने किया था। इसके सभी कैमरे चाईनीज कंपनी के थे। चार नवंबर को कोरबा-बिलासपुर लोकल की मालगाड़ी से टक्कर हो गई थी, जिसके कारण सामने का इंजन और पीछे लगा कोच क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसकी वजह से इंजन में लगा कैमरा खराब हो गया था और कोच में लगा कैमरा झटका लगने के कारण बंद हो गया था। प्रयागराज से जब दुर्घटना की जांच के लिए कैमरा चेक करने टीम आई तो उन्हें कैमरा खराब मिला, जिसके कारण जांच में भी काफी परेशानी हुई।

### चल रहा है प्रोसेस

सभी यात्री ट्रेनों के साथ लोकल मेमू में भी कैमरों को लगाने का काम किया जाना है। इसमें ट्रेनों के इंजन भी शामिल है। नए रैक में कैमरा लगे हुए आ रहे हैं। पुराने जितने भी रैक हैं, उसमें कैमरा लगाने के लिए प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

-संतोष कुमार, सीनियर पीआरओ, एसईसीआर

### 15 को कुंदन पैलैस में आयोजित जलसा स्थगित

**बिलासपुर।** चिश्चिया रंग फाउंडेशन द्वारा श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित कुंदन पैलेस में 15 नवंबर को आयोजित जलसा स्थगित कर दिया गया है। इस जलसे में गौस पाक की 19 वीं पीढ़ी के सय्यद अफीफुद्दीन जिलानी शामिल होने वाले थे । जलसे की अगली तारीख शीघ्र घोषित की जाएगी। यह जानकारी चिश्तीया रंग के सदर हाजी इकबाल हक ने दी।

## न्यू होरोईजन डेन्टल कॉलेज में सीबीसीटी की वर्कशाप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यू होरोईजन डेन्टल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट सकरी द्वारा 12 नवंबर को सीडी प्रोग्राम आयोजित कराया गया। जिसमें बड़ी मात्रा में स्नातक (बीडीएस), स्नाकोत्तर (एमडीएस) के छात्र एवं शहर के डॉक्टर ने सीबीसीटी के वर्कशाप में हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम के संरक्षक प्रकाश दावड़ा, अशोक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, चिनमय दावड़ा, प्रगति मिरानी, प्रियंका अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. गिरीधर नाइडू, सचिव डॉ. रमनपाल सिंह मक्कड़, डॉ. पल्लवी सिंहा, डॉ. स्वतंत्र श्रीवास्तव रहे। इस कार्यक्रम में कॉलेज के वाइस डीन डॉ. तुषार तनवानी सभी विभागों के प्रोफेसर, रीडर, लेक्चरर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के स्पीकर डॉ. प्रशांत जाजु, प्रो एवं एचओडी, ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी, रिषीराज डेन्टल कॉलेज रिसर्च इंस्टीट्यूट भोपाल, मध्यप्रदेश के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में सीबीसीटी मशीन द्वारा इम्प्लांट प्लानिंग, इम्प्लांट द्वारा दंत लगाना, बत्तीसी लगाना, एवं सीबीसीटी मशीन द्वारा थ्रीडी मॉडल का प्रयोग करके जबडे के फ्रेक्चर की सर्जरी, ऑर्थोग्रेनेथिक सर्जरी, छोटे बच्चो के कलेप्ट लिप्स/ पैलेट की सर्जरी, थ्रीडी प्रिन्टिग द्वारा रूटकेनॉल कराना जैसी नई तकनीक द्वारा मरीजों का सही एवं बेहतर ईलाज होना एवं नई तकनीक को अपनाना ताकि भविष्य में आने वाले सभी नई छात्र/छात्रएं स्नात्तक (बीडीएस), स्नाकोत्तर (एमडीएस) इसका लाभ मरीजों के दे सके। सीबीसीटी मशीन का प्रयोग ईएनटी डॉक्टर भी साइनस की सर्जरी कराने करा सकते है, बिलासपुर में न्यू होराईज डेन्टल कॉलेज, छत्तीसगढ़ की सबसे नई तकनीक कि सीबीसीटी मशीन की सुविधा मरीजो के बेहतर ईलाज हेतु उपलब्ध है। कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्र/छात्रओं एवं डॉक्टरो ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सिम्स ने हाई रिस्क मरीज का किया घुटना प्रत्यारोपण

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के अस्थि रोग विभाग ने हाई रिस्क मरीज का सफल घुटना प्रत्यारोपण किया कर दिखाया है। जरूरतमंद मरीजों के लिए चिकित्सा क्षेत्र सिम्स लगातार उपलब्धि हासिल कर रहा है।

बताया जा रहा है कि गांव नगरीडीह सक्ती निवासी 75 वर्षीय पुरुष मरीज गणेश राम निराला को चलने फिरने में कठिनाई थी। सिम्स के डाक्टर तरुण सिंह ठाकुर ने जांच और एक्स-रे किया। जिसमें मरीज का बांया घुटना पूरी तरह खराब हो चुका था। डॉ. ठाकुर ने ऑपरेशन की सलाह दी और वरिष्ठ अस्थि विशेषज्ञ डॉ. एआर बेन से परामर्श लिया। इस दौरान मरीजों को शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रही, जिसके चलते मरीजों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने 6 नवम्बर को घुटने का सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो चुका है। ऑपरेशन टीम में डॉ. एआर बेन, डॉ. तरुण सिंह ठाकुर, डॉ. रवि महोबिया, डॉ. सोमेश शुक्ला, डॉ. सागर कुमार, सिस्टर सुधा और पीजी रेजिडेंट शामिल थे। एनेस्थिसिया विभाग से डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. मिल्टन देव बर्मन, डॉ. श्वेता काजूर, डॉ. भावना रॉयजादा मौजूद रही। डाक्टरों ने बताया कि आपरेशन के बाद मरीज को दर्द से परेशान होना पड़ा लेकिन पोस्ट-ऑपरेटिव दर्द प्रबंधन में एनेस्थिसिया विभाग डॉक्टरों की विशेष निगरानी के द्वारा उन्हें सपोर्ट किया। जिससे मरीज जल्द ही स्वस्थ्य जीवन जी रहा है।



मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के द्वारा किया गया है, डीन डॉ.रमणेश मूर्ति और अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के सहयोग और मार्गदर्शन से आपरेशन सफल रहा। सिम्स के आंकड़ों के अनुसार इस साल 30 कूल्हा प्रत्यारोपण और 22 घुटना प्रत्यारोपण किया गया है। आमतौर पर निजी क्षेत्रों में इस तरह के आपरेशन के लिए लाखों रूपए गंवाने पड़ते है लेकिन सिम्स के डाक्टरों ने मंहगा इलाज भी जरूरतमंदों तक पहुंचाने में लगातार सफलता पाई है।

### रासेयो ने जारी की नाम पदनाम की सूची

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व सलाहकार, छात्र प्रतिनिधि एवं समाजसेवक धनेश रजक द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा को एक ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों एवं संस्थानों में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारियों के नाम, पदनाम एवं फोटोग्राफ प्रदर्शित करने की मांग की गई थी। इस मांग पर विवि प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। इस सूची में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से लेकर राज्य एवं विश्वविद्यालय स्तर के सभी अधिकारी सम्मिलित हैं। धनेश रजक ने बताया कि पूर्व में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवकों को उच्च स्तरीय पदाधिकारियों के नाम एवं पदों की जानकारी नहीं होने के कारण जानकारी में कठिनाई आती थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह मांग रखी थी कि सभी महाविद्यालय एवं विद्यालयों में इन अधिकारियों के नाम और पदनाम के बैनर/सूची प्रदर्शित की जाए।

स्पेशल कैम्पेन 5.0, दिल्ली में किया गया सम्मानित

# कोल-लिग्नाइट कंपनियों में लगातार तीसरे वर्ष एसईसीएल नंबर वन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्पेशल कैम्पेन 5.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आज नई दिल्ली में सम्मानित किया गया।

यह सम्मान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, कोयला सचिव विक्रम देव दत्त तथा अतिरिक्त सचिव (कोयला) एवं अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड (अतिरिक्त प्रभार) सनोज़ कुमार झा द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी एसईसीएल को मंत्री द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एसईसीएल की ओर से यह सम्मान सीएमडी हरीश दुहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, भानु सिंह (जीएम, सिविल), मनीष श्रीवास्तव





(उप महाप्रबंधक – मानव संसाधन), डॉ. सनीश चंद्र, दीपांशु मांधाता, प्रबंधक (सिविल) एवं पीयूष प्रताप मल्ल, उप-प्रबंधक (सीडी) द्वारा ग्रहण किया गया। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग तथा कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में 2 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच आयोजित स्पेशल कैम्पेन 5.0 में एसईसीएल ने स्वच्छता, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्क्रैप निस्तारण, डिजिटलीकरण और मीडिया प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धियाँ दर्ज कीं। एसईसीएल ने अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्य 203 के मुकाबले 229 स्थलों की सफाई की तथा 43 लाख वर्गफीट से अधिक क्षेत्र में स्वच्छता कार्य पूर्ण किए। एसईसीएल ने अभियान के दौरान 2,100 से अधिक भौतिक फ़ाइलें तथा 23,000 ई-फ़ाइलों की समीक्षा करते हुए 20,000 ई-फ़ाइलों का क्लोज़र किया जोकि 350% से अधिक रहा। वेस्ट टू वेल्थ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में गेवरा में सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट सेंटर स्थापित किया गया। यह केंद्र बायोडिग्रेडेबल कचरे को जैव-उर्वरक में बदल रहा है, जिसका उपयोग एसईसीएल के पौधरोपण और हरित पहलों में किया जा रहा है। अभियान के प्रमुख आकर्षणों में से एक रहा एसईसीएल का रचनात्मक प्रयास 'कबाड़ से कलाकृति'।

गेवरा में कर्मचारियों ने ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित औद्योगिक स्क्रैप से S-400 मिसाइल लॉन्चर का जीवन-आकार मॉडल और रोबोटिक सोल्जर तैयार किया।

## आज डायबिटीज हर घर की समस्या बन चुकी : डा. राजेश

**बिलासपुर।** शुगर क्लीनिक के डायरेक्टर डा. राजेश अग्रवाल का कहना है कि आज डायबिटीज या शुगर हर घर की समस्या बन चुकी है। डायबिटीज एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में इंसुलिन नामक हार्मोन का निर्माण कम या उसका असर कमजोर हो जाता है। इसके कारण ब्लड में शुगर का स्तर बढ़ने लगता है। इसके प्रमुख कारण हैं, गलत खानपान, मोटापा, तनाव, अनियमित दिनचर्या, शारीरिक गतिविधियों की कमी और फॅमिली हिस्ट्री। आजकल लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतें जैसे – जंक फूड, देर रात तक जागना, और शारीरिक निष्क्रियता भी डायबिटीज के मामलों को तेजी से बढ़ा रही हैं।



हेल्थ प्लस

उन्होंने शुगर के कुछ प्रमुख लक्षण बताए हैं। इसमें बार-बार भूख लगना, वजन कम होना, बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, घाव का देर से भरना, शरीर में थकान और कमजोरी महसूस होना, लेकिन ध्यान देने वाली बात यह है कि कई लोगों में शुगर बहुत ज्यादा होने के बावजूद कोई लक्षण नहीं दिखता। इसलिए 30 वर्ष की उम्र के बाद हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार अपना ब्लड शुगर टेस्ट अवश्य कराना चाहिए। अगर खाली पेट शुगर 126 एमजी डीआई से अधिक है, खाने के 2 घंटे बाद का शुगर 200 एमी डीआई से अधिक है या तीन महीने का औसत शुगर 6.5% से ज्यादा है, तो व्यक्ति को डायबिटिक पेशेंट माना जाता है। अनकंट्रोल्ड शुगर शरीर के लगभग हर अंग को प्रभावित करती है। इससे यह सब परेशानियाँ हो सकती हैं जैसे लगातार थकान, कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द जोड़ों का दर्द या कंधों का जाम होना, हाथ-पैरों में सुन्नपन, झुनझुनी या जलन, घावों का ठीक न होना, पेशाब में बार-बार संक्रमण या फंगल इन्फेक्शन, त्वचा का सूखापन, खुजली या दाद-खाज गैस, कब्ज, सीने में जलन, बदबूदार गैस आदि पाचन समस्याएँ, महिलाओं में मासिक धर्म की अनियमितता, पुरुषों में नपुंसकता या सेक्स संबंधी दिक्कतें आँखों पर असर – धुंधलापन, मोतियाबिंद या अंधापन, और गंभीर मामलों में – हार्ट अटैक, लकवा या किडनी फेलियर का खतरा हर मरीज को इंसुलिन की आवश्यकता नहीं होती। इंसुलिन की जरूरत मुख्यतः जिन स्थितियों में पड़ती है, उन्हें कहते हैं: टाइप 1 डायबिटीज जो बच्चों में होती है, जहां शरीर में इंसुलिन बनना ही बंद हो जाता है। टाइप 3 सी डायबिटीज – जो क्रॉनिक पैंक्रिएटाइटिस या अधिक शराब सेवन के बाद होती है। गर्भवती महिलाओं में होने वाली शुगर। टाइप 2 डायबिटीज के ऐसे मरीज जिनका औसर शुगर 9% से ज्यादा है या दवाइयों की तीनों अधिकतम डोज लेने के बाद भी शुगर कंट्रोल नहीं हो रही।

# कर्मचारी महासंघ और धान खरीदी ऑपरेटर संघ की हड़ताल जारी, कांग्रेस नेताओं ने किया समर्थन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की चार सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को 12वें दिन भी जारी रही।

हड़ताली कर्मचारियों ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने संघर्ष और मांगों को लेकर जानकारी दी। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों और 2739 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से लगभग 15 हजार कर्मचारी किसानों को सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित वेतन और सुविधाओं से वंचित रखा गया है। वहीं 11 दिनों से जारी सहकारी कर्मचारी महासंघ एवं समर्थन मूल्य खरीदी आपरेटर महासंघ के हड़ताल को समर्थन देने बृहस्पति बाजार स्थित बीआर यादव गार्डन धरना स्थल पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभयनारायण राय, आदित्य दीक्षित, दिलीप पाटिल ने मांगों के समर्थन में शामिल हुए। धरना आंदोलन को विधायक अटल श्रीवास्तव प्रमोद नायाक एवं अभयनारायण राय ने संबोधित किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि 15 नवम्बर से सरकार ने धान खरीदने की घोषणा की है, 13 नवम्बर तक 11 दिन से समिति के कर्मचारी एवं आपरेटर हड़ताल पर है। सरकार कर्मचारी साथियों से बात कर उनकी जायज मांगों को पूरा करने की बजाए वैकल्पिक व्यवस्था करने की धमकी दे रही है जो अनुचूचित है।

# अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल में साहित्य उत्सव मना



**बिलासपुर।** अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय मॉडल संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से युवा साहित्य उत्सव का आयोजन किया। जो विचारों, साहस और रचनात्मकता का एक विचारोत्तेजक उत्सव था। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लेखक, अधिकारी और उपलब्धि हासिल करने वाले लोग एक साथ सम्मिलित हुए।

इस कार्यक्रम में कानून और शासन, सशस्त्र सेना और एक विशेष स्पॉटलाइट सत्र जैसे विषयों पर आकर्षक सत्र शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक का उद्देश्य छात्रों को गहराई से सोचने, उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने और सार्थक नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करना था। कानून एवं शासन विभाग में, सेवानिवृत्त भारतीय राजनायिक एवं शिक्षाविद, राजदूत जितेंद्र नाथ मिश्रा ने अपनी अनूदित पुस्तक, राधालैंड एंड वर्ल्ड्स बियॉन्ड पर चर्चा की। संस्कृति, राजनीति और पहचान की बारीकियों पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने साहित्य के माध्यम से भाषाई और सांस्कृतिक विभेदों को पाटने के लिए भारत में कुशल अनुवादकों की तत्काल आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया। इस कार्यक्रम के बहुप्रतीक्षित स्पॉटलाइट सत्र में भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता और पद्मश्री तथा खेल रत्न पुरस्कार विजेता डॉ. दीपा मलिक ने अपनी पुस्तक ब्रिंग इट ऑन के कुछ अंश साझा करते हुए, विपरीत परिस्थितियों को उपलब्धि में बदलने की उनकी कहानी ने दर्शकों को भावुक कर दिया और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अपने प्रभावशाली संदेश विक्लांगता से परे क्षमता के साथ उन्होंने छात्रों से उद्देश्य और साहस के साथ जीने का आग्रह किया। चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न हों।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री सुरिंदर सिंह चावला एवं डायरेक्टर श्री गुरमेहर सिंह चावला द्वारा स्मृति चिन्ह एवं लक्ष्मी तरु भेंट कर सम्मानित किया गया।

# WORLD DIABETES Day

**मधुमेह दिवस मनाने का उद्देश्य:** लोगों को डायबिटीज से जुड़ी जटिलताओं के प्रति जागरूक करना है। परंतु अक्सर एक महत्वपूर्ण पहलू को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है — और वह है डायबिटिक रेटिनोपैथी (Diabetic Retinopathy) यानी डायबिटीज से होने वाली आंखों की बीमारी।

**डायबिटिक रेटिनोपैथी क्या है?** डायबिटीज के कारण जब लंबे समय तक ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं रहता, तो आंख की सबसे संवेदनशील परत — रेटिना (Retina) — की सूक्ष्म रक्त वाहिकाओं में धीरे-धीरे नुकसान होना शुरू हो जाता है।

शुरुआत में यह नुकसान बिना किसी दर्द या लक्षण के होता है, लेकिन समय के साथ यह दृष्टि धुंधली, ब्लीडिंग, यहां तक कि स्थायी अंधत्व (Blindness) तक पहुंच सकता है।

**क्यों होता है यह नुकसान?** लगातार बढ़ा हुआ ब्लड शुगर लेवल हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का असंतुलन लंबे समय से डायबिटीज होना (10 वर्ष या अधिक) धूम्रपान, मोटापा, और अनियमित जीवनशैली **लक्षण जिन्हें नज़रअंदाज़ न करें:** दृष्टि धुंधली या टेढ़ी-मेढ़ी दिखना, आंखों के सामने तैरते धब्बे (floaters), एक या दोनों आंखों से कम दिखना, रात में देखने में कठिनाई, अचानक दृष्टि चली जाना, (याद रखें कई बार प्रारंभिक अवस्था में कोई लक्षण नहीं होते, इसलिए नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है।) **जांच और रोकथाम:** ★**नियमित नेत्र परीक्षण:** हर डायबिटिक व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार रेटिना जांच (Dilated Fundus Examination) कराना चाहिए। ★ **ब्लड शुगर कंट्रोल:** HbA1c स्तर 7% से नीचे रखें। ★ **ब्लड प्रेशर और लिपिड कंट्रोल:** हृदय और आंख दोनों की सुरक्षा के लिए। ★ **स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान से परहेज़ और पर्याप्त नींद। **आधुनिक इलाज के विकल्प:** यदि डायबिटिक रेटिनोपैथी का पता समय पर लग जाए, तो आज के दौर में कई प्रभावी इलाज उपलब्ध हैं: लेज़र ट्रीटमेंट (Photocoagulation) Anti-VEGF इंजेक्शन जो ब्लीडिंग और सूजन को रोकते हैं विट्रेक्टॉमी सर्जरी, गंभीर मामलों में **इन सभी का उद्देश्य है-** दृष्टि को बचाना और आगे के नुकसान को रोकना। **डॉ. संदीप तिवारी का संदेश:** "डायबिटीज एक लाइफ स्टाइल बीमारी है पर इसका असर आपकी दृष्टि पर न पड़े, यह आपके हाथ में है। नियमित जांच और नियंत्रण ही सबसे बड़ा बचाव है। याद रखें, दृष्टि अमूल्य है — इसे अंधेरे में न जाने दें!" **जागरूकता ही बचाव है:** डायबिटिक रेटिनोपैथी साइलेंट किलर है —यह बिना दर्द के आपकी आंखों की रोशनी छीन सकती है। इसीलिए, यदि आप या आपके परिवार में कोई डायबिटिक है, तो आज ही रेटिना जांच कराएं।

डॉ. संदीप तिवारी
संकल्प नेत्र चिकित्सालय

ISO 9001: 2015
न्यू वंदना हॉस्पिटल
नेचर सिटी गेट, मुंगेली रोड, उस्लापुर, बिलासपुर फोन नं. 07752-426003
WORLD DIABETES DAY 14th NOVEMBER
उपलब्ध सुविधाएं
• 24 घंटे क्रिटीकल केयर एवं गहन कार्डियक ICU • डिजीटल एक्स-रे एवं C-Arm उपलब्ध
• डायलिसिस व वेंटिलेटर ECHO/TMT/ECG • Accident के मरीज़ का ईलाज
• हृदय रोग, डायबिटीज, किडनी का ईलाज • जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• ब्रेन व स्पाईन सर्जरी • नार्मल डिलीवरी व सिजिरियन ऑपरेशन
• Ambulance सुविधा उपलब्ध • बिना टांके का बच्चेदानी का ऑपरेशन
• सोनोग्राफी • इको-कार्डिओग्राफी
डॉ. चंद्रशेखर उइके
निदेशक
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसीन), पी.जी.सी.डी.एम., सी.सी.ई.बी.डी.एम., सीनियर कन्सल्टिंग फिजिशियन
आयुष्मान कार्ड द्वारा ईलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
Google Map
इमरजेंसी नंबर : 7089501234, 7000340967, 9993850476
वंदना मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
श्रीमती वंदना उइके
निदेशक
24X7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध
• Neurosurgery • Ortho Surgery
• Gynae Surgery • Laproscopic Surgery
सीएलसी प्लाजा के पीछे, महावीर पैलेस, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-416003, 9993850476, 9893090772, 9713139750

विश्व मधुमेह दिवस
नमः सूर्याय शान्ताय सर्व रोग निवारिणे
WORLD DIABETES DAY
Gautam's SUNSHINE HOSPITAL
किडनी, डॉयलिसिस सेंटर एवं प्रसूति गृह
Dr. Rajesh Singh Gautam
M.D., D.M. Nephrology, IKDRC Ahmedabad
Senior Consultant
Nephrologist & Transplant Physician
Kidney & Hypertension Specialist
Dr. Savita Singh Gautam
MBBS, DNB, DGO (Stephens Hospital, Delhi)
Senior Consultant Obstetrician & Gynaecologist
Sonologist, Infertility Specialist
Laparoscopic Surgeon
सुविधाएं
• डायलिसिस एवं CAPD • फिस्टुला • परम कैथ
• किडनी की बायोप्सी • प्लाज्माफेरेसिस • मधुमेह
95% से ज्यादा नार्मल डिलवरी
आयुष्मान से मुफ्त इलाज की सुविधा
24×7 इमरजेंसी सुविधा
लुथरा अस्पताल के सामने, नेहरू नगर रोड, मुंगेली नाका, बिलासपुर
अपाइंटमेंट हेतु सुबह 10 से रात्रि 7 बजे तक संपर्क करें
07752-416742, 9589155221

श्री कृष्ण हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का मल्टी एण्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24×7 एम्बुलेंस सुविधा
WORLD DIABETES DAY 14th NOVEMBER
उपलब्ध सुविधाएं
✓ प्रसूति गृह एवं स्त्री रोग विभाग
✓ एक्सीडेंटल केयर युनिट
✓ एडवांस डायलिसिस की सुविधा
✓ एडवांस ऑपरेशन थियेटर
✓ जनरल फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर
✓ किडनी एवं मूत्र रोग विभाग
✓ छाती, दमा श्वांस एवं टी.बी. रोग विभाग
मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
07752-270009, 7898759700

SHRI HEALTH CARE WITH HUMAN TOUCH
बच्चों से संबंधित समस्त चिकित्सा सुविधा एक ही छत की नीचे
नवजात शिशु से 18 वर्ष तक आयुष्मान योजना द्वारा नि:शुल्क ईलाज
बच्चों के सभी प्रकार के ऑपरेशन Neonatal & Pediatric Surgery
बच्चों के एक्सीडेंट फ्रैक्चर एवं हेड इंजूरी के लिए ऑर्थोपेडिक एवं न्यूरो सर्जन के साथ शिशु विशेषज्ञ की टीम
बच्चों के होंठ एवं तालु (CLEFT LIP & CLEFT PALATE) की सर्जरी विशेषज्ञ द्वारा
बेहतर मशीन + दक्ष डॉक्टरों की टीम = बेहतर परिणाम
DR SHRIKANT GIRI MD Diploma In Pediatric Allergy & Asthma Fellowship In Advanced Allergy Procedures
श्री शिशु भवन
(ADVANCED NEONATAL & PAEDIATRIC CARE)
मध्यनगरी चौक के पास (प्रेस बिल्डिंग के सामने), बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 07752-236866, 9826183363, 9752040404

14 नवंबर-विश्व मधुमेह दिवस
संकल्प नेत्र चिकित्सालय
मोतियाबिंद का दर्द रहित, बिना टांके, बिना भर्ती के आधुनिक फेको मशीन से ऑपरेशन
सेंचुरियन विज़न सिस्टम
मोनोफोकल लेंस | मल्टीफोकल लेंस | टॉरिक लेंस
चश्मे से आजादी लेसिक लेजर द्वारा सभी आयु वर्ग के लिए विभिन्न प्रकार के लेंस की सुविधा
आंखों के पर्दे (रेटिना) का संपूर्ण जांच तथा ऑपरेशन
मधुमेह जनित नेत्र रोगों के लिए
OCT से रेटिना जांच | Fundus Camera
ग्रीन लेजर से पर्दे का ईलाज | एंटी-वेजेफ इंजेक्शन
• SECL, रेल्वे, ESIC, CGHS से मान्यता प्राप्त।
• 35 से ज्यादा स्वास्थ बीमा कंपनियों से संबद्धता।
• आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा उपलब्ध।
डॉ. संदीप तिवारी
नेत्ररोग विशेषज्ञ
फ़ेको कैटरेक्ट एवं लेज़र सर्जन
युनिट-1 श्रीकांत वर्मा मार्ग, सोनी शो-रूम के बाजू से, से, वैशाली नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
सम्पर्क नं. : 94252-27054, 07752-422654
युनिट-2 सुभाष कॉम्प्लेक्स के सामने, मेन रोड, जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)
सम्पर्क नं.: 95220-00224, 07752-464309

## खबर संक्षेप

### वार्षिक सहकारी सम्मेलन में लाभांश वितरण आज

**बिलासपुर।** विद्युत कर्मचारी वार्षिक सहकारी सम्मेलन में लाभांश वितरण एवं प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 14 नवंबर को कल्याण भवन छगरा विद्युत वितरण कंपनी तिफरा में किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। इसके मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कार्यपालक निर्देश एके अम्बष्ट होंगे। कार्यपालक निदेशक कल्पना घाटे होंगी।

### मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ की बैठक 16 को

**बिलासपुर।** छग मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ द्वारा 3 दिसंबर से होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल की रूपरेखा तय करने व नए अध्यक्ष और सचिव का चयन करने के लिए 16 नवंबर को बैठक होगी। बिल्हा ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती कश्यप ने बताया कि यह बैठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा प्रांगण में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी।

### क्रिसमस रैली व सिंग सांग स्पर्धा के लिए बैठक आज

**बिलासपुर।** संयुक्त मसीही समाज की क्रिसमस रैली व सिंग सांग स्पर्धा के लिए के लिए रूपरेखा तैयार करने 14 नवंबर को शाम 7.30 बजे से डिसाइपल्स चर्च, सिविल लाइन में बैठक होगी। समाज के सचिव डा. रत्नेश कुमार ने सभी कलीसिया अगुवो एवं सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### ई रिक्शा चालक ने वकील की कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार से चलाते हुए ई रिक्शा के चालक ने वकील की कार को टक्कर मार दी, वहीं उनकी कार से दूसरी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने ई रिक्शा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रिंग रोड टू शांति नगर निवासी वकील अयोध्या प्रसाद कश्यप पिता छुन्नी लाल कश्यप 13 नवंबर को अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एटी, 0473 में सवार होकर तहसील कार्यालय से कुटुंब न्यायालय जा रहे थे। दोपहर 1.35 बजे राजेन्द्रनगर चौक गार्डन के पास पीछे आ रहे ई रिक्शा क्रमांक सीजी10 बीयू, 1220 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक गलत दिशा से चलाते हुए ओवहरटेक कर उनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर कार क्रमांक सीजी 10 एटी, 0473 से टकरा गई। हादसे में दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चोरी की बाइक सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली एक युवक चोरी बाइक बेचने के लिए तुरकाडीह चौक में घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर बाइक सहित बड़ी कोनी निवासी पप्पू पटेल पिता रामपाल पटेल 20 साल को पकड़ लिया है।

### पत्नी से मारपीट सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** पति ने पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी है। पीड़िता को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सागर निवासी विश्वनाथ भास्कर ने बताया, गुरूवार की सुबह 6 बजे मां अमृता भास्कर के चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर निकले तो उनके पिता रमाशंकर भास्कर उनके साथ रांपा से मारपीट कर रहे थे। उनके द्वारा बीच बचाव कर विवाद शांत कराया गया है। उसके बाद वह घायल अपनी मां को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है।

---

**तिफरा सबस्टेशन पर पड़ रहा है भार** | **नेहरू नगर, उसलापुर, मंगला जैसे क्षेत्रों के लिए है आवश्यक**

# 132 केवी सबस्टेशन के लिए शहर में जगह की कमी, मंगला में चल रही जमीन की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बिजली विभाग द्वारा जल्द ही 132 केवी सबस्टेशन बना सकती है। विभाग द्वारा जिला प्रशासन व नगर निगम से सबस्टेशन बनाने के लिए जमीन की मांग की गई है। जानकारों के मुताबिक मंगला, धूरीपारा के आसपास सबस्टेशन के लिए जमीन का प्रारंभिक सर्वे किया जा रहा है। सबस्टेशन बनने के बाद मंगला, उस्लापुर, नेहरू नगर जैसे इलाकों में सप्लाई सुधर सकेगी।

तिफरा 132 केवी सबस्टेशन शहर का सबसे पुराना सबस्टेशन है। तिफरा, सिरगिट्टी, नेहरू नगर जैसे इलाकों के बावजूद आधे शहर को यहां से बिजली सप्लाई हो रही है, लेकिन शहर की परीधि बढ़ने के बाद बिजली की मांग भी बढ़ रही है। 132 केवी सबस्टेशन से 33 केवी सबस्टेशनों में सप्लाई होती है, लेकिन मांग के अनुसार तिफरा सबस्टेशन से सप्लाई पूरी करने में कई बार दिक्कतें आ रही हैं। बिजली विभाग द्वारा सबस्टेशन निर्माण के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि मंगला, धूरीपारा में जमीन की मांग की गई है, बिजली अधिकारियों ने अपने सर्वे में यहां का स्थान सबसे उपयुक्त पाया है, लेकिन जमीनें राजस्व व नगर निगम द्वारा ही दी जानी है, ऐसे में औपचारिक पत्राचार जारी है। बताया जा रहा है कि इस साल बिजली में बार-बार आ रही समस्याओं को देखते हुए अधिकारियों ने नया सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव दिया है। इससे क्षेत्र में बिजली बेहतर तरीके से सप्लाई करने में मदद मिलेगी। वहीं तिफरा सबस्टेशन में पड़ने वाला भार भी कम होगा।

### दूर नहीं हो रही बिजली की समस्या

सब स्टेशन नहीं बनने और ठीक से मेंटनेंस नहीं होने के कारण शहरी इलाके में बिजली की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। पिछले एक साल से शहर में रहने वाले लोग दिन और रात में बिजली बंद होने से हलाकान हैं। सब स्टेशन की कमी, ट्रांसफार्मर में ओवरलोड होने के चलते कभी भी बिजली बंद हो जाती है। इसी तरह हल्की हवा चलने, बारिश होने से भी बिजली बंद होती है, इसके बाद कई इलाके घंटों अंधेरे में रहते हैं। बिजली विभाग द्वारा खोले गए काल सेंटर भी सफेद हाथी की तरह हैं, इन काल सेंटरों में कोई शिकायत सुनने वाला ही नहीं होता है। ग्रामीण इलाकों की स्थिति और खराब रहती है। तिफरा जैसे सब स्टेशन पर लोड अधिक होने के कारण सकरी और इसके आसपास का इलाका प्रभावित होता रहता है। इन इलाकों में लगातार बिजली का आना जाना लगा रहता है। नए सब स्टेशन बनने और ठीक से मेंटनेंस होने से समस्या दूर होने की संभावना जताई जा रही है।

### दो बार रिजेक्ट हो चुकी है फाइल

सूत्रों के अनुसार शहर के बीच 132 केवी का सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव दो बार बन चुका है। इसके लिए कवायद पिछले 8 सालों से जारी है। इससे पहले राजस्व और बिजली विभाग का ज्वाइंट सर्वे किया जा चुका है, यह मामला ठंडे बस्ते में जा चुका था, लेकिन बिजली संकट से जुझते शहर में सप्लाई में आ रही दिक्कतों के देखते हुए एक बार फिर 132 केवी के सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### सब स्टेशन बनना जरूरी है

हमनें अपने सर्वे में मंगला के आसपास ही 132 केवी सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव दिया है। राजस्व विभाग व नगर निगम से जमीन की मांग की है। सबस्टेशन बनना जरूरी हो चुका है।

**-बीबी नेताम**, ईई, नेहरू नगर

---

**हरिहर छत्तीसगढ़ योजना में प्रशासन के साथ मिलकर वन विभाग ने लगाए थे बांस के पौधे**

# 80 लाख खर्च कर बना बैम्बू म्यूजियम हो गया सपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका में 80 लाख रुपए खर्च कर विकसित किए गए बैम्बू म्यूजियम की हालत खराब हो गई है। यहां न तो बैम्बू है और न ही किसी तरह का म्यूजियम दिखाई देता है। बैम्बू म्यूजियम में करोड़ों रुपए के बांस के साथ सुरक्षा के लिए की गई फेंसिंग भी गायब हो गई, जहां अब जमीन पूरी तरह से सपाट नजर आती है।

हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत मोपका में विकसित किए गए बिलासपुर का पहला बैंबू म्यूजियम देखरेख के अभाव में पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। इस म्यूजियम को जिस उद्देश्य से बनाया गया था वह अब तक पूरा नहीं हो सका। मनरेगा के तहत बनाए गए बैम्बू म्यूजियम को वर्ष 2015 में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत 26 एकड़ में 80 लाख रुपए खर्च कर तैयार किया गया था। इसके तहत यहां बांस की 30 प्रजातियों के 7 हजार से अधिक पौधे लगाए गए थे, जिसमें कोलकाता और असम की बांस प्रजातियां भी शामिल की गई। बांस का यह म्यूजियम जिले के पहले म्यूजियम के रूप में स्थापित हुआ। इस म्यूजियम का उद्देश्य लोगों को बांस के अलग-अलग प्रजातियों के संबंध में रूबरू कराना और म्यूजियम में लोगों को रोजगार देना व इसे संरक्षित करना था। इस प्रोजेक्ट को पांच साल तक के लिए रखा गया था। वर्ष 2020-21 में इस प्रोजेक्ट की अवधि पूरी हो गई। वर्ष 2015 से लेकर 2020 तक बैम्बू म्यूजियम की देखरेख की जिम्मेदारी वन विभाग ने निभाई। म्यूजियम बनाने के बाद लाखों रुपए के फेंसिंग और सीमेट के पोल लगाए गए, ताकि बांस के पौधों की सुरक्षा मवेशियों से हो सके। वर्ष 2020-21 में पांच वर्ष तक जिम्मेदारी निभाने के बाद वन विभाग ने बैम्बू म्यूजियम को भगवान भरोसे छोड़ दिया। वर्तमान में इसकी हालत ऐसी हो गई है कि चारों ओर सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग के साथ पोल और लाखों रुपए के बांस के पेड़ भी गायब हो चुके हैं।






### उद्देश्य रह गया अधूरा

बैम्बू म्यूजियम को मोपका में हरियर योजना के तहत बिलासपुर वन मंडल ने तैयार किया है। इसका उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है। दरअसर बांस के जंगल में खतरा मंडरा रहा है, इसमें प्रमुख रूप से प्रतिबंधित करील की बिक्री काफी अधिक होती है। बांस के संबंध में लोगों को जानकारी और उसे संरक्षित करने के उद्देश्य से बनाने के बाद वन विभाग देखभाल नहीं कर पाया।

### इन प्रजातियों के लगे थे बांस

जानकारी के अनुसार बैम्बू म्यूजियम में लगाए गए बांस की विभिन्न प्रजातियां लगाई गई थी। इसमें नाइजेसिया के 10, गोल्डन बैंबू के 50, न्यूटान्स के 10, बाटल बैंबू के 50, दुल्हा के 10, लोटा के 10, वैरिटगेटेड के 45, ग्रास टाइप के 50, रोपा के 60, बैंबूसा बानकुआ के 60 और बेलगेरिस के 50 प्रजातियों के बांस के पौधे लगाए गए थे।

### शराबियों का जमावड़ा

बैम्बू म्यूजियम को मोपका में बनाने के पांच साल तक वन विभाग ने इसकी देखभाल की। बांस के पौधों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से चौकीदार भी रखे गए थे। पांच साल होने के बाद वन विभाग बिलासपुर ने बैम्बू म्यूजियम की ओर देखना छोड़ दिया। वर्ष 2021 से वर्ष 2025 के बीच पांच सालों में लाखों की लागत से तैयार किए गए बैम्बू म्यूजियम का हाल ऐसा हो गया है, कि चारों ओर लगे फेंसिंग के साथ बांस के पेड़, लगाए गए बोर्ड को भी उखाड़कर असामाजिक तत्वों ने पार कर दिया। शाम के साथ दोपहर में भी म्यूजियम अब शराबियों का जमावड़ा हो गया है, जिसे देखने के लिए कोई भी विभाग के अधिकारी और स्टाफ मौके तक नहीं जाते हैं।

### पांच साल का होता है प्रोजेक्ट

वन विभाग के अनुसार बैम्बू म्यूजियम नहीं बैम्बू सिटम कहा जाता है, जहां बांस की अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। इस योजना को 10 साल से अधिक हो गए हैं और पांच साल के बाद प्रोजेक्ट समाप्त हो जाता है। वर्तमान में यह 6 साल हो गया है। इसका कारण है कि चौकीदार को देने के लिए राशि भी मिलनी बंद हो जाती है, जिसकी वजह से वहां की सुरक्षा नहीं हो पाती।

### चेक करने के बाद कार्रवाई

मोपका में बैम्बू म्यूजियम के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। वहां अगर चोरी और अन्य कोई शिकायत है तो उसकी जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-नीरज कुमार**, डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

---

**100 मीटर की दूरी पर बाइक मिलने से सनसनी**

# दीवार में घुटने के बल फांसी पर लटकी मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीमेंट की दीवार में घुटने के बल पर टिकी फांसी पर लटकी लाश व 100 मीटर की दूरी में बाइक मिलने पर सनसनी फैल गई है। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस जांच में जुट गई है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, दो दिन पहले अशोकनगर में अटल आवास निवासी रवि वर्मा पिता भरत लाल वर्मा 32 साल की सीमेंट की दीवार में गमछा से फांसी पर लटकी लाश मिली थी। दीवार के बीम में गमछा बंधा हुआ था और मृतक घुटने के बल पर लटका हुआ था। वहीं उसकी बाइक 100 मीटर की दूरी में खड़ी हुई मिली थी। सीमेंट की दीवार की उंचाई बहुत कम है और घुटने के बल पर लाश टिकी होने से युवक की मौत पर संशय बना हुआ है। लोगों के मुताबिक सीमेंट की दीवार में फांसी लगाना संभव नहीं है।

टीआई श्री आर्या ने बताया मृतक घटना के दिन अपने घर से मरने जाने की बात कहकर निकला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## फल दुकान में आग से मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** फल दुकान में आग लगने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। दुकान में रखे फल सहित अन्य सामान जल गए हैं।

बृहस्पतिबाजार निवासी सुनील केशरवानी पिता रामबाबू केशरवानी ने थाने में लिखित शिकायत की। 11 नवंबर की रात 12 से 1 बजे के बीच उन्हें सूचना मिली कि उनकी फल दुकान में आग लग गई है। वे दुकान गए तो भीषण आग लगी हुई थी। लोगों की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर पहुंचे। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग से उनकी दुकान में रखा 6 नग इनवर्टर बैटरी, इलेक्ट्रिक वेट मशीन, 3 कूलर, 6 ठेला, 70 पेटी सेव, 20 पेटी संतरा, 5 पेटी अनार, 8 पेटी पाइनेप्पल, 10 कैरेट केला जलकर खाक हो गई है। पुलिस मामले में आगजनी कायम कर जांच में जुट गई है।





---

# किस काम का हमर लैब, थायराइड, हेपेटाइटिस जैसी जांच के लिए मरीजों को जाना पड़ रहा निजी लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल की लाखों रूपए की मशीनें लगाई गई हैं, शासन द्वारा हमर लैब की स्थापना भी की गई है, लेकिन इसके बावजूद मरीजों को जांच के लिए बाहर जाने की जरूरत पड़ रही है। कई बार डाक्टर स्वयं ही मरीजों को बाहर से जांच कराने की बात कह देते हैं। दरअसल यहां लैब होने के बावजूद ज्यादातर जांच संभव नहीं है। रिजेंट की कमी के चलते मरीज का इलाज प्रभावित हो रहा है।

■ रिजेंट की कमी के चलते होती है परेशानी

जिला अस्पताल में रोजाना 500 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। शासन की योजनाओं के तहत यहां जिले का सबसे बड़ा हमर लैब स्थापित किया गया है, लेकिन मरीजों का इसका पूरा फायदा नहीं मिल पा रहा है, बेसिक जांच ही संभव हो रही है। मरीजों ने बताया कि पिछले 10 दिनों से गर्भवती महिलाओं के लिए की जाने वाली सिकलिंग टेस्ट बंद है, गुरूवार को रिजेंट आने के बाद इसे फिर से शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही थाइराइड जांच बंद है, जिला अस्पताल के कर्मचारी थाइराइड जांच के लिए सीधे निजी लैब का रास्ता देखा देते हैं। वहीं हेपेटाइटिस-सी, एचसीवी, किडनी फंक्शन इलेक्ट्राराइटेड जैसी जांच नहीं हो रही है। मरीजों को कई बार हताश होकर निजी अस्पताल और क्लीनिक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### सीजीएमएससी करती है रिजेंट की सप्लाई

बताया जा रहा है कि जहां जिला अस्पताल प्रबंधन समय पर डिमांड नहीं भेजता है, वहीं सीजीएमएससी भी रिजेंट की सप्लाई में अनावश्यक देरी करती है। खास बात यह है कि जिला अस्पताल में दवा, इंजेक्शन, उपकरण और अन्य सामाग्री सीजीएमएससी द्वारा ही मुहय्या कराई जाती है, लेकिन प्रबंधन को लोकल खरीदी का अधिकार होते हुए भी मरीजों को समय पर सुविधा उपलब्ध नहीं हो रही है।



### अवैध शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश सेंडे को सूचना मिली ग्राम सेमरताल में कुछ लोगों के द्वारा अवैध शराब बेचा जा रहा है। उन्होने स्टाप के साथ गांव में दबिश देकर सेमरताल निवासी गोरेलाल सूर्यवंशी, सूरज कुमार सक्सेना को पकड़कर उनके पास से 13 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत दोनों कोचिया को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# सरकण्डा, पचपेड़ी में धर्मान्तरण की कोशिश एक कर्मचारी सहित 3 के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकण्डा व पचपेड़ी में प्रार्थना सभा की आड़ में प्रलोभन देकर लोगों का धर्मान्तरण कराने की कोशिश करने वाले एक कर्मी सहित 3 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, बुधवार की रात हिंदू संगठन के लोगों को सूचना मिली कि वसंत विहार कालोनी में ड्राइवर के पद पर पदस्थ राजेन्द्र खरे के घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर हिंदू लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। संगठन के लोग ड्राइवर के घर में जाकर हंगामा मचाने लगे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हंगामा शांत कराया। पुलिस ने हिंदू संगठन के छत्रपाल साहू की रिपोर्ट पर ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है। दूसरी घटना में पचपेड़ी थाना क्षेत्र के कुकुर्दीखुर्द निवासी संजय डंडेकर के घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर हिंदू लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। हिंदू संगठन के लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा मचाया।

■ हिंदू संगठन के लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा मचाया

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर हंगामा शांत कराया। पुलिस ने हिंदू संगठन के नारायण पटेल की रिपोर्ट पर संजय डंडेकर पिता धनेश राम डंडेकर व पामगढ़ धनगांव निवासी रितिक लसकर पिता मनोहर लसकर के खिलाफ धारा 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## रिटायर्ड शिक्षक व व्यापारी से आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** एटीएम कार्ड बदलकर रिटायर्ड शिक्षक व क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर व्यापारी से आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, शास्त्रीनगर निवासी रिटायर्ड शिक्षक सेवक कौशल 66 साल बुधवार को नंदेश्वर मंदिर के पास एटीएम कार्ड से पैसा निकालने गए थे। एटीएम कार्ड डालकर प्रोसेसिंग करने के बाद पैसा नहीं निकलने पर पास में खड़े एक व्यक्ति ने सहयोग करने की बात कहते हुए मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड रख लिया और उन्हें दूसरा एटीएम कार्ड थमाकर भाग गया। उसके बाद श्री कौशल के बैंक खाते से 1 लाख 11 हजार रुपए निकाल लिए गए। दूसरी घटना में राजकिशोरनगर निवासी व्यापारी जोगेन्द्र सिंह चावला के पास अननोन मोबाइल नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपको बैंक अधिकारी बताते हुए उन्हें क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की जानकारी दी। श्री चावला ने उसकी बातों में आकर गोपनीय जानकारी उपलब्ध करा दी। उसके बाद उनके बैंक खाते से 11 किस्तों में 77 हजार 43 रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पैसे निकलने का मैसेज आने पर उन्हें ठगी के शिकार होने की जानकारी हुई। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

